दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 21 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 33 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










### दोषी संजय रॉय की सजा पर सीएम ममता बनर्जी ने कहा

# 'मैं इस फैसले से संतुष्ट नहीं हमने मृत्युदंड की मांग की थी'

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल की प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या मामले में दोषी संजय रॉय को उम्र कैद की सजा सुनाए जाने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी असंतोष जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि, वह अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि, हम सभी ने मौत की सजा की मांग की थी लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास दिया है।




**'कोलकाता पुलिस से जबरन लिया गया जांच का जिम्मा' :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस से जबरन ले लिया गया। उन्होंने कहा कि यदि जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस के पास ही रहा होता, तो उसने निश्चित रूप से मौत की सजा सुनिश्चित की होती। मुर्शिदाबाद जिले में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने मामले में सीबीआई जांच पर सवाल उठाये।

उन्होंने कहा, हम सभी ने (दोषी के लिए) मृत्युदंड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला हमसे जबरन ले लिया गया। अगर यह (कोलकाता) पुलिस के पास ही रहा होता, तो हम सुनिश्चित करते कि उसे मौत की सजा मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा, हमें नहीं पता कि जांच कैसे की गई। राज्य पुलिस की तरफ से जांच किए गए ऐसे ही कई मामलों में मौत की सजा सुनिश्चित की गई। मैं (फैसले से) संतुष्ट नहीं हूं। सियालदह की अदालत ने संजय रॉय को राज्य सरकार की तरफ से संचालित आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के मामले में दोषी करार दिये जाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

सियालदह के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत ने शनिवार को, संजय रॉय को पिछले वर्ष नौ अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुए जघन्य अपराध के मामले में दोषी करार दिया था।

न्यायाधीश दास ने कहा कि यह अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता, जिससे दोषी को मृत्युदंड दिया जा सके।

### लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने दिया सनातन संस्कृति और धर्म से जुड़ा एक बड़ा संदेश

# बेटे की शादी का पहला कार्ड किया भगवान श्रीराम के चरणों में अर्पित

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर हिंदुत्व का बड़ा भाजपाई चेहरा हैं। उनके अक्सर बयान आते हैं। इसके अलावा वो सनातन संस्कृति और धर्म के पालक वाले फ्रेम में नजर आते हैं। वो कभी महादेव शिव की महापूजा करते दिखाई देते हैं तो कभी दाती महाराज के आश्रम में महादेव शिव की पूजा करते दिखाई देते हैं। वो कभी शनि अराधना में तेलाभिषेक में नजर आते हैं। वो अपनी एक अद्भुत शैली से सबको प्रभावित करते हैं। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने एक बार फिर अपने सनातन संस्कारों का धर्म का परिचय दिया है। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर के पुत्र नागेश गुर्जर का विवाह 16 फरवरी को होना है। जब विवाह का निमंत्रण पत्र तैयार हुआ तो लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने सबसे पहला निमंत्रण प्रभु श्रीराम को दिया। उन्होंने लिखा भी



कि पुत्र नागेश गुर्जर के विवाह के शुभ अवसर पर प्रथम निमंत्रण पत्र भगवान को अर्पित करना हमारी संस्कृति और परमपरा का अभिन्न अंग हैं। यह हमारी श्रृद्धा और विश्वास का प्रतीक है जिससे हम अपने जीवन के प्रत्येक शुभ कार्य को ईश्वर के आशीर्वाद से प्रारम्भ करते हैं। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने अपने शब्दों से सनातन




संस्कृति का बड़ा संदेश दिया। ये उनके हिंदुत्व चेहरे का भी अंदाज है और ये उनके मन की भी आवाज है।

### विधायक पुत्र ने किया निमंत्रण पत्र चरणों में अर्पित और लिया आशीष

करंट क्राइम। लोनी विधायक ने अपने ज्येष्ठ पुत्र के विवाह के शुभ अवसर पर पहला निमंत्रण अपने पुत्र के हाथों से भी भगवान श्रीराम को अर्पित कराया। 16 फरवरी को लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर के बड़े पुत्र नागेश गुर्जर का विवाह डॉ पूजा कसाना के साथ होना है। उनके ज्येष्ठ पुत्र ने पहले कार्ड पर निमंत्रण वाले कॉलम में लिखा मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम जी अयोध्या। इसके बाद लोनी विधायक के ज्येष्ठ पुत्र ने ये कार्ड मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम जी के चरणों में अर्पित किया। शुभ कार्यों के आरंभ का शुभ आशीष लिया। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने इस कार्ड फेसबुक पर साझा किया। उन्होंने एक संदेश दिया कि हमें सदैव अपनी परम्पराओं का पालन करना चाहिए। अपने ईष्ठ को सदैव आगे रखना चाहिए और सबसे बड़ी बात ये है कि हिंदुत्व और सनातन के ये संस्कार उन्होंने अपने पुत्रों को भी दिये हैं और जब घर में मंगल कार्य हो रहा है, पुत्र का विवाह हो रहा है तो शुरूआत प्रभु के श्रीचरणों से हुई है।

# पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की बिल्डिंग के लिए सैंक्शन हुए 65 करोड़ रुपए, एड्रेस होगा राजनगर एक्सटेंशन

**- पीडब्ल्यूडी तैयार करेगा डीपीआर**

**- इस वित्तीय वर्ष में शुरू हो सकता है निर्माण कार्य**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस आधुनिकरण स्कीम के तहत गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के नए बहुमंजिला भवन के निर्माण की दिशा में शासन की ओर से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के निर्माण के लिए




लगभग 65 करोड़ रुपए सैंक्शन किए जाने की जानकारी सूत्रों के द्वारा दी गई है।

पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि 65 करोड़ रुपए की धनराशि सैंक्शन की गई है, जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का ऑफिस राजनगर एक्सटेंशन में बनना है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को डेली प्रोग्रेस रिपोर्ट यानी डीपीआर बनाने की रिपोर्ट भेज दी गई है। बताया जा रहा है कि डीपीआर की रिपोर्ट से ही तय होगा कि पुलिस मुख्यालय कितना मंजिला बनेगा, इसमें क्या-क्या सुविधा और किस स्थल पर क्या व्यवस्था रहेगी। उधर पुलिस मुख्यालय लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो वर्ष 2025 में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बता दें कि पिछले साल पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्माण के लिए राजनगर एक्सटेंशन में कई एकड़ जमीन रिजर्व कर दी गई थी।

### डीपीआर की रिपोर्ट से फाइनल होगा पुलिस कमिश्नरेट का मॉडल

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि राजनगर एक्सटेंशन में प्रस्तावित पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के बहुमंजिला इमारत को बनाने के लिए डीपीआर की प्रक्रिया को पीडब्ल्यूडी पूरा करने का काम करेगा। पीडब्ल्यूडी जब डीपीआई बना लेगा तब इसके निर्माण और अन्य व्यवस्थाओं की प्रक्रिया के कदम आगे बढ़ाए जाएंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शासन द्वारा गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के लिए लगभग 65 करोड़ रुपए सैंक्शन किया गया है, जो इसके निर्माण और अन्य व्यवस्थाओं के काम आएगा।

### बेहद आधुनिक और बहुमंजिला रहेगा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ऑफिस

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि राजनगर एक्सटेंशन में बनने वाला पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का मुख्यालय और ऑफिस बेहद आधुनिक होगा। इसे कई मंजिलों में बनाया जाएगा, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के बैठने के साथ ही यहां अलग-अलग सेल और कार्यालय बनाए जाएंगे। इसके साथ ही अधिकारियों के लिए यहां जिम, खेल का स्थान और कैंटीन से लेकर पार्किंग की भी व्यवस्था किए जाने की जानकारी मिली है। बता दें कि पुलिस आधुनिकरण स्कीम के तहत गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के नए ऑफिस का चयन राज नगर एक्सटेंशन में किया गया था। जिसको जल्द ही शुरु किया जा सकता है।

# 24 जनवरी को होगी पुलिस लाइन में फुल ड्रेस रिहर्सल, परेड में दिखेंगी खास टोलियां

### जारी है सस्पेंस कौन होगा परेड का चीफ गेस्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में 26 जनवरी को आयोजित होने वाली परेड की तैयारी इन दिनों पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में सुबह और शाम प्रतिदिन चल रही है। परेड में शामिल होने वाली लगभग 10 टोलियां प्रतिदिन कदमताल से लेकर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का काम कर रही हैं। 24 जनवरी को पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल होगा। जिसमें डमी चीफ गेस्ट से लेकर पुलिस के आलाधिकारी भाग लेंगे। बताया जा रहा है कि इस बार पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली परेड के लिए चीफ गेस्ट का नाम फाइनल होना बाकी है। तो सूत्रों से जानकारी मिली है की परेड के लिए आमंत्रण पत्र छापने को दे दिए गए हैं।



### यूपी-112 से लेकर पिंक बूथ की टोली रहेगी खास




करंट क्राइम : 26 जनवरी पर आयोजित होने वाले सालाना कार्यक्रम के लिए पुलिस लाइन में जहां स्कूली बच्चे तैयारी में जुटे हुए हैं। तो वहीं इस बार की परेड में अंडर ट्रेनिंग 2023 के उपनिरीक्षकों का प्रदर्शन देखने लायक होगा। वहीं पिंक बूथ की टोली भी महिला सशक्तिकरण का संदेश देगी। तो वहीं यूपी-112 की आधुनिक इनोवा गाड़ी भी परेड में आने वाले लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करेगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की बाइक मार्च भी पुलिस की ताकत व कौशल को प्रदर्शित करने का काम करेगी। बताया जा रहा है कि 26 जनवरी को पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली परेड में कुल 10 टोलियां रहेंगी।

### दमकल विभाग भी प्रदर्शित करेगा तिरंगी थीम

करंट क्राइम : पुलिस लाइन में 26 जनवरी की परेड में तिरंगी थीम को प्रदर्शित करने के लिए दमकल विभाग की फायर टेंडर रंग-बिरंगे का नजारा प्रस्तुत करेंगी। तो वहीं अग्निशमन विभाग का दल भी पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली परेड में भाग लेगा।



### चीफ गेस्ट को लेकर सस्पेंस लोकल रहेगा फेस या आएगा कोई बाहरी गेस्ट

करंट क्राइम : पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली परेड में इस बार सलामी लेने के लिए गाजियाबाद का कोई मंत्री भाग लेगा या यहां सांसद या विधायक को आमंत्रित किया जाएगा, इस बात को लेकर सस्पेंस बरकरार है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस बार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 26 जनवरी की सलामी लेने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के किसी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार को आमंत्रित किया जा सकता है। जिनका लिंक गाजियाबाद जिले से जुड़ा हुआ है।

# कवि नगर पुलिस ने साइकिल चोरों का पकड़ा बड़ा गैंग

## पांच आरोपियों से बरामद की 13 साइकिल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कवि नगर थाना पुलिस ने बीते 6 महीनों के दौरान चोरी हुई लगभग 13 साइकिल बरामद करने का काम किया है। साथ ही पुलिस ने कुल पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। जिसमें चोर, कबाड्डी और उनके सहयोगी शामिल हैं। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांच लोगों से पूछताछ कर कुल 13 साइकिल बरामद की हैं।

### सीसीटीवी फुटेज से चोरों तक पहुंची पुलिस

करंट क्राइम : कवि नगर पुलिस को वादी जीतपाल सिंह सिसोदिया, अनुज गर्ग और राजेश कौशिक के द्वारा उनके घर से साइकिल चोरी होने की शिकायत मिली थी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की तो शास्त्री नगर चौकी पुलिस और कवि नगर थाना की क्राइम टीम ने सर्विलांस, सीसीटीवी और लोकल इनपुट जुटाकर आरोपियों की तलाश शुरू की। कुछ सीसीटीवी फुटेज हाथ लगी थी, इसके बाद पांचो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे 13 साइकिलें बरामद की गई हैं।

### इनको किया गया है गिरफ्तार

करंट क्राइम : एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि विशाल उर्फ मानव जलालाबाद मुरादनगर का रहने वाला है। वहीं उमेश उर्फ लाला भी मुरादनगर का निवासी है। इसके साथ ही विकास ,सोमनाथ कुमार और मनोज तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। यह सभी साइकिल चोरी और चोरी की साइकिल खरीदने का काम किया करते थे।



पुलिस ने इनसे पूछताछ की तो चोरों की सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर गिरफ्तारी की गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी चिरंजीव विहार, कवि नगर और महेंद्रा एंक्लेव से कई साइकिलें अब तक चोरी चुके हैं। वहीं चोरों ने शास्त्री नगर में रहने वाल जीत सिसौदिया, राजेश कौशिक और अनुज गर्ग के घर से भी बीते सप्ताह साइकिल चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने वह साइकिलें भी बरामद कर ली हैं।

# महाकुंभ : हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला ने लगाई आस्था की डुबकी




रायबरेली। रामनगरी अयोध्या पहुंचे हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला रायबरेली पहुंचे। यहां उन्होंने एम्स में चिकित्सक बेटी से मुलाकात की। इसके बाद प्रयागराज के लिए निकल गए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उन्हें कुंभ में आमंत्रित किया है। इसलिए, महाकुंभ पहुंचकर स्नान करेंगे। कहा कि महाकुंभ में स्नान का अवसर मिला है। अयोध्या पहुंचकर भगवान राम और बजरंगबली के दर्शन किए है। राज्यपाल एम्स में अपनी बेटी डॉ. प्रीती शुक्ला से मिलने के लिए गत शनिवार की देर रात पहुंचे थे। रविवार की सुबह एम्स परिसर स्थित मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद प्रयागराज के लिए रवाना हुए। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला की बेटी डॉ. प्रीती शुक्ला एम्स में डेंटल विभाग में चिकित्सक हैं। वे इससे पहले भी बेटी से मिलने के बाद एम्स आ चुके हैं। गत शनिवार की रात वे एम्स पहुंचे और बेटी के साथ रहकर हालचाल जाना। रविवार की सुबह वह सबसे पहले एम्स परिसर स्थित मंदिर में पहुंचकर माथा टेका। इससे पहले एम्स के निदेशक प्रो. अरविंद राजवंशी, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया। पूजा करने के बाद राज्यपाल प्रयागराज में महाकुंभ में स्नान करने के लिए चले गए।













## 'माथे पर तिलक, गले में जनेऊ' अमेरिका-रूस तक सनातन का डंका

### विदेशी किशोरों में छाया संन्यास का क्रेज




**प्रयागराज।** सनातन धर्म का डंका सात समंदर पार तक किस तरह बज रहा है, इसका विश्व समुदाय के सामने जीता-जागता उदाहरण महाकुंभ में आए बाल और किशोर संन्यासी प्रस्तुत कर रहे हैं। संगम की रेती पर अमेरिका, रूस और जर्मनी के कई बालकों और किशोरों ने सनातन से प्रभावित होकर अपनी संस्कृति और संस्कार दोनों बदल दिया है। ऐसे किशोर संगम की रेती पर माथे पर तिलक, सिर पर मोटी चोटी और धोती-रामनामी ओढ़कर प्रभु श्रीराम, भगवान शिव और कृष्ण को समझने का प्रयास कर रहे हैं।

यूक्रेन के साथ तीन साल से युद्धरत रूस की राजधानी मास्को से आए दिमित्रो और डेनयिल संन्यास धारण कर संगम की रेती पर कड़ाके की ठंड में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की पावन त्रिवेणी में डुबकी लगाकर वेद की ऋचाओं का पाठ कर रहे हैं। वह संतों के सानिध्य में देव भाषा संस्कृत भी सीख रहे हैं, ताकि वेद के श्लोकों का शुद्ध उच्चारण कर सकें।

## नारी सशक्तीकरण का साक्षी बना महाकुंभ 100 से अधिक महिलाओं ने ली नागा संस्कार की दीक्षा

### फ्रांस , इटली और नेपाल से आई महिलाओं का भी हुआ नागा दीक्षा संस्कार

**प्रयागराज।** सनातन की शक्ति है महाकुम्भ का श्रृंगार कहे जाने वाले 13 अखाड़े। महाकुम्भ के मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के पहले इन अखाड़ों में फिर नागा संन्यासियों बनाने का सिलसिला चल रहा है। बड़ी संख्या में अखाड़ों में नव प्रवेशी साधुओं को दीक्षा देने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसमें भी नारी शक्ति की भागीदारी भी तेजी से बढ़ी है।

प्रयागराज महाकुंभ नारी सशक्तीकरण को लेकर भी नया इतिहास लिख रहा है। महाकुंभ में मातृ शक्ति ने अखाड़ों से जुड़ने में गहरी रुचि दिखाई है। रविवार को संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े में सौ से अधिक महिलाओं को महिला नागा की दीक्षा दी गई।



संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की महिला संत दिव्या गिरी बताती हैं कि रविवार महाकुंभ में अकेले श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतर्गत 100 से अधिक महिलाओं की संन्यास दीक्षा दी गई। संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े में इसे लेकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है जिसके पहले चरण में 102 महिला संत को नागा दीक्षा दी गई। अपने शाखा गुरु के साथ सेवा, समर्पण और त्याग की 12 साल तक परीक्षा देने के बाद इन्हें अवधूतानी का दर्जा मिला था।

यही अवधूतानी गंगा के तट पर समूह में पहुंची, जहां उन्हें सूत का बिना सिला पौने तीन मीटर का कपड़ा पहनाकर उनका मुंडन संस्कार किया गया। गंगा स्नान के उपरांत इनके हाथ में एक कमंडल , गंगा जल और एक दंड दिया गया। जिसे लेकर वह शेष संस्कार जिसमें पहले ध्वजा के नीचे और गंगा जी में पूरा करेंगी। अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी अंतिम दीक्षा देंगे।

सनातन धर्म का ध्वज देश के बाहर भी कई देशों में अब अपनी पताका फहराने लगा है। महाकुंभ में महिला नागा संन्यासिनियों की दीक्षा में विदेशी महिलाओं ने भी हिस्सा लिया और अब वह भी संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की सदस्य बन गई हैं। संन्यासिनी अखाड़े की संत दिव्या गिरी बताती हैं कि इस बार जिन महिलाओं ने नागा का दीक्षा संस्कार लिया है उसमें तीन विदेशी महिला भी हैं।

## महाकुंभ : 22 जनवरी को होने वाली कैबिनेट बैठक में धार्मिक क्षेत्र पर लग सकती है मुहर

### प्रस्ताव पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है



**प्रयागराज।** 22 जनवरी को होने वाली कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। इसमें प्रयागराज और वाराणसी समेत सात जिलों को मिलाकर धार्मिक क्षेत्र के प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इसके अलावा भी कई अन्य प्रस्तावों को मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) में 22 जनवरी को सुबह 11 बजे कैबिनेट की बैठक प्रस्तावित है। इसमें नए धार्मिक नगरी के प्रस्ताव को रखे जाने की तैयारी है। नीति आयोग की संस्तुति पर प्रयागराज और वाराणसी को मिलाकर नया धार्मिक नगरी बनाने की योजना बनाई गई है। इसमें प्रयागराज और वाराणसी के अलावा चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, मिजार्पुर तथा भदोही को भी शामिल किया गया है।

इसे पूरे क्षेत्र को मिलाकर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा, जिसका कुल क्षेत्रफल 22 हजार किमी होगा। इसके तहत पूरे क्षेत्र के धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से विकास का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

## शिक्षक भर्ती: 25 जनवरी से फिर आंदोलन शुरू करेंगे अभ्यर्थी, सरकार पर लगाया लापरवाही का आरोप

**इस आंदोलन में उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों से 6000 से अधिक महिला व पुरुष अभ्यर्थी शामिल होंगे।**

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती मामले में एक बार फिर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने आंदोलन का आह्वान किया है। यह आंदोलन गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व 25 जनवरी से शुरू होगा। इस आंदोलन में उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों से 6000 से अधिक महिला व पुरुष अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह जानकारी अभ्यर्थियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने दी।



अमरेंद्र पटेल का कहना है कि 69000 शिक्षक भर्ती मामले में लखनऊ हाईकोर्ट की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला सुनाया था और सरकार को तीन महीने के अंदर फैसले का पालन किए जाने का आदेश दिया था लेकिन सरकार की लापरवाही की वजह से अभी तक फैसला का पालन नहीं हो सका और यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया।

सुप्रीम कोर्ट में भी सरकार अपना पक्ष रखने में देरी कर रही है, जिसकी वजह से मामला लटकता चला जा रहा है।

25 जनवरी के आंदोलन के माध्यम से हम सरकार से यही मांग करेंगे कि वह सुप्रीम कोर्ट में जल्द से जल्द सुनवाई कराये और मामले को निस्तारित करें क्योंकि हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी पिछले 4 साल से दर-दर की ठोकर खा रहे हैं और मानसिक अवसाद से गुजर रहे हैं।

## तेज रफ्तार ट्रक ने मारी निजी बस को टक्कर हादसे में ट्रक चालक समेत कुल 17 लोग घायल

**डिबाई।** दिल्ली-बदायूं हाईवे पर रविवार देर रात करीब 11 बजे रामपुर से चलकर जयपुर जा रही यात्री स्लिपर निजी बस को नगर के महादेव चौराहे के निकट गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक समेत कुल 17 लोग हादसे में घायल हो गए। जिनमें से गंभीर रूप से घायल सात लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ मेडिकल रेफर कर दिया गया है। हादसे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



जिला रामपुर से एक यात्री स्लीपर कोच बस रविवार शाम को जयपुर जाने के लिए निकली थी। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। बस देर रात करीब 11 बजे डिबाई के महादेव चौराहे पर पहुंची। जहां, सामने की ओर से गलत दिश में आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बस में सामने से टक्कर मार दी। हादसे की यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें साफ नजर आ रहा है कि बस डिवाइडर के बाईं ओर अपनी साइड में आ रही है और उसी साइड में सामने की ओर से एक तेज रफ्तार ट्रक आ जाता है। ट्रक को देखकर बस चालक ने बस को काफी बचाने का प्रयास भी किया। लेकिन, अनियंत्रित ट्रक बस में सामने की ओर से टकरा गया।

हादसा इतना जबदरस्त था कि टक्कर होते ही मौके पर एक तेज आवाज हुई। जिससे आस-पास के लोग भी जाग गए और मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने पुलिस को भी मामले की सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक समेत बस में सवार चालक और अन्य यात्रियों को बाहर निकाला। बस के चालक को बाहर निकालने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**भारतीय संस्कृति ने मोह लिया मन**

## ताजमहल की खूबसूरती के दीवाने हुए 17 देशों के कैडेट

**आगरा।** ताजमहल की सुंदरता को शब्दों में बयां नहीं कर सकते, यह अद्वितीय है। इसे देखकर हम रोमांचित हैं। यह कहना था इंडोनेशिया की वैला का, जो यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम (वाईईपी) के तहत ताज भ्रमण पर पहुंचीं। वैला के साथ 17 मित्र देशों के 23 अधिकारी और 132 कैडेट्स ने भी ताज का दीदार किया।



भारत देश के साथ अन्य देशों की संस्कृति से रूबरू होने के लिए विभिन्न देशों के युवा वाईईपी कार्यक्रम के तहत भारत यात्रा पर आए। 18 और 19 जनवरी को ग्रुप ने आगरा किला और ताजमहल का भ्रमण किया और यहां की संस्कृति से रूबरू हुए।

1 यूपी वाहिनी एनसीसी के कार्यवाहक कमान अधिकारी कर्नल एस सुबीर कुमार ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में भूटान, कजाकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, मालदीप, नेपाल, रूस, सिंगापुर, यूके, वियतनाम, फिजी, इंडोनेशिया, मलयेशिया, मॉरीशस, मंगोलिया मोजांबिक, सेशेल्स, युगांडा के 132 कैडेट व 23 अधिकारी तथा 35 भारतीय कैडेट्स शामिल हैं। गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले भारतीय कैडेट्स भी शामिल रहे। जिसमें आगरा की डीईआई दयालबाग की कैडेट अंडर ऑफिसर कृति नौटियाल भी थीं।

## ऑटो एक्सपो में पहुंचे 80 हजार लोग विंटेज कार से लेकर बाइक्स का क्रेज

**नई दिल्ली।** ऑटो एक्सपो में पसंदीदा वाहनों को देखने के लिए रविवार को करीब 80 हजार लोग भारत मंडपम में पहुंचे। इस दौरान सुबह से ही गेट नंबर 10, छह और चार नंबर पर लंबी लाइन दिखी। गेट नंबर 10 और छह पर लोगों की करीब एक किलोमीटर लंबी लाइन रही। हालत यह थी कि प्रशासन को दिन में कई बार प्रवेश द्वार बंद करने पड़े। ऑटो एक्सपो में सबसे ज्यादा भीड़ लग्जरी कार के हॉल में दिखी। उसके बाद लोग बाइक, ई-स्कूटी व ई-बाइक का दीदार करते हुए नजर आए। ज्यादातर लोग इनके फीचर के बारे में जानकारी ले रहे थे। एक्सपो में बीते दो दिन में 90 उत्पाद लांच हुए। 17 जनवरी को 34 और 18 जनवरी को 56 उत्पाद लांच हुए। इन दोनों दिनों में नए लांच वाहनों को देखने के लिए अधिक भीड़ रही।



**पेंटोग्राफ से चार्ज होगा ट्रक, 6 गुना कम समय लगेगा :** आने वाले दिनों में इलेक्ट्रिक ट्रक पेंटोग्राफ की मदद से चार्ज होगा। ऑटो एक्सपो में आईआईटी मद्रास और एआरएआई ने ओवरहेड चार्जिंग डिवाइस प्रस्तुत किया है। इसकी मदद से ई-बस व ई-ट्रक को छह गुना कम समय में चार्ज किया जा सकेगा। कंपनी के अधिकारी ने बताया कि ई-ट्रक व ई-बस को इस उपकरण के नीचे लाकर पार्क करना होगा। उसके बाद उपकरण बैटरी की जरूरत के आधार पर उसे चार्ज कर देगा। मौजूदा समय में जिस वाहन को चार्ज होने में तीन घंटे का समय लगता था, उसे आधे घंटे में ही फुल चार्ज कर देगा। इसकी मदद से प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए शून्य-उत्सर्जन वाहन की उपलब्धता बढ़ जाएगी।

**गाड़ी की तरह ट्रैक होगी बैटरी :** आने वाले दिनों में ई-वाहन की बैटरी चोरी होने का डर नहीं होगा। कंपनी ने बैटरी की लाइव ट्रैकिंग करने के लिए अपग्रेड किया है। युमा एनर्जी के एमडी और महाप्रबंधक मुथु सुब्रमण्यन ने बताया कि कंपनी ने उत्पाद लांच किए हैं। इन बैटरी में सिम लगे हुए हैं।

## दिल्ली में पुलिस भवन के सामने सरेआम हत्या

### चाकू से वार करता रहा नाबालिग

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस और विधानसभा चुनावों को देखते हुए दिल्ली पुलिस सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। रविवार रात मध्य दिल्ली स्थित पुलिस भवन के सामने एक नाबालिग ने 35 साल के युवक की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी। नाबालिग भीड़ की मौजूदगी में कत्ल करता रहा और लोग तमाशबीन बने रहकर वीडियो बनाते रहे।

किसी ने भी युवक को बचाने का प्रयास नहीं किया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिग को मौके से दबोच लिया। उसके पास से खून से सना चाकू बरामद हो गया। घायल को नजदीकी एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।



मध्य जिला पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने बताया कि पुलिस भवन के सामने एक ढाबे पर बैठने को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद आरोपी ने युवक की हत्या कर दी। फिलहाल करीब 35 साल के युवक की पहचान नहीं हो पाई।

**NAME CHANGED**

My previous name was Geeta Rani, and now I have changed my name to Geeta. In the future, I wish to be known and identified by this name.Geeta W/O Shri Hardeep Kumar, Resident of 286/A, Maliwara, Ghaziabad - 201001.

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः– 0333/विज्ञापन/बी.ओ.टी./2024–25 दिनांक :– 18/01/2025

**रूचि की अभिव्यक्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में संचालित ट्रैफिक सिग्नलों के संचालन, अनुरक्षण एवं सुरक्षा हेतु प्रति ट्रैफिक सिग्नल ईकाई दर आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था/एजेन्सी उपरोक्त के सम्बंध में निविदा को उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है. जिन्हें **दिनांक 27.01.2025** को **अपरान्हः 03.00 बजे** तक वेबसाईट से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को **दिनांक 27.01.2025 सायं 04.00 बजे** खोला जाएगा। धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क (नॉन रिफन्डेबिल) को वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर जमा करना अनिवार्य होगा।

विस्तृत निविदा सूचना / नियम व शर्तें **http://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

प्रभारी विज्ञापन/बी.ओ.टी.
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





● नई दिल्ली। मंगलवार 21 जनवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# क्या अचानक मचा दी है भगवा पहलवान के नाम की एन्ट्री ने सनसनी

## गुर्जर फैक्टर पर क्या घूम गया है पार्टी का फोकस



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हालांकि कहा ये जा रहा है कि नाम तो तय हो गया है और नाम तो लिफाफे में बंद हो गया है। लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि पिक्चर अभी बाकी और गेम अभी खत्म नहीं हुआ है। नाम कई हैं और यहां गुर्जर फैक्टर वाली एन्ट्री हो गई है। हालांकि गुर्जर फैक्टर की बात करें तो युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिन डेढा ने भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है लेकिन यहां सीरियस फैक्टर में पप्पू पहलवान का नाम आ रहा है। पप्पू पहलवान भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं और कई आयाम उन्होंने पूरे किये हैं कई आयोजनों में वो लगातार एक्टिव रहे है और पार्टी के लिए वो हमेशा उपलब्ध रहते हैं। फिलहाल वो भाजपा में महानगर महामंत्री हैं और अगर सबसे अधिक सक्रिय और समर्पित महामंत्री की बात करें तो यहां पप्पू पहलवान का नाम सबसे ऊपर आता है। फिलहाल महानगर अध्यक्ष वाले सीन में गुर्जर फैक्टर आ गया है। बताया जाता है कि गुर्जर फैक्टर ऊपर वाले ट्रेक पर है और यहां भगवा पहलवान की रिकार्ड फाईल खोल ली गई है। सूत्र बताते हैं कि तर्क भी यही दिया गया है कि पार्टी को पश्चिमी बेल्ट में अगर मजबूत करना है तो यहां गुर्जर कार्ड खेलना होगा। इसके पीछे वजय यह बताई गई है कि गुर्जर वोट भाजपा का कैडर वोट है वो अपनी राजनीतिक भागीदारी मांग रहा है। ऐसे में पप्पू पहलवान का नाम अचानक ही चर्चा में आया है। वो लंबे समय से राजनीति कर रहे हैं। गैरविवादित चेहरा हैं और समन्वय बनाकर काम करते हैं। लिहाजा गुर्जर सपोर्ट की बात चलेगी तो यहां पप्पू पहलवान के नाम को कंसीडर किया जायेगा। सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे तर्क भी यह दिया गया है कि जिले में अध्यक्ष पद गुर्जर के पास है और पार्टी का समीकरण भी यही कहता है कि अगर जिले में वैश्य बनाया जाता है फिर महानगर में गुर्जर दावेदारी बनती है और यहां पर ठाकुर कार्ड भी जिक्र हो रहा है। जिसमें बताया जा रहा है कि पिछली बार कई ठाकुर चेहरों को आस पास के जिलों में मौका मिला था। जिनमें हापुड़ से नरेश तोमर, बुलंदशहर से विकास चौहान, मेरठ से शिवकुमार राणा और बिजनौर से भूपेन्द्र चौहान बॉबी हैं। यहीं पर गुर्जर फैक्टर की एन्ट्री हो रही है और इस बात को प्रमुखता से रखा गया है कि गुर्जर समाज को भी अध्यक्ष पद देकर इस समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जाये। चर्चा यह है कि बागपत से ब्राह्मण चेहरा आ रहा है। गौतमबुद्ध नगर के महानगर में वैश्य चेहरा और जिले में ब्राह्मण लाने की चर्चा है। ऐसे में नेबर जनपद का समीकरण देखें तो यहां ठाकुर, ब्राह्मण, वैश्य आ रहे हैं तो फिर गाजियाबाद में गुर्जर फैक्टर की चर्चा शुरू हो गई है।

# मन में उपाध्यक्ष की हसरत रखने वाले भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ने ली दुनिया से विदाई

## नहीं रहे पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंघल भारती



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कभी-कभी किसी कार्यकर्ता का जाना सभी को झकझोर जाता है। खासतौर से एक ऐसे कार्यकर्ता जिन्होंने पार्टी के लिए ना कभी दिन देखा ना कभी रात देखी और दुनिया से विदाई भी ली तो मन में भाजपा थी। भाजपा का काम कर रहे थे और किसी को नहीं पता था कि पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंघल भारती अचानक से सबको ऐसे छोड़ जायेंगे। मुकेश भारती भाजपा के 1981 से कार्यकर्ता थे। उन्होंने एक जनवरी को इसी वर्ष भाजपा के पूर्व महानगर संयोजक सरदार एसपी सिंह को महानगर में उपाध्यक्ष या महानगर मंत्री का दायित्व सौंपने के लिए पत्र लिखा था। मुकेश सिंघल भारती 45 वर्ष पुराने कार्यकर्ता थे वो संघ परिवार से जुड़े और फिर युवा मोर्चा, बजरंग दल, हिंदू जागरण मंच, हिंदु परिषद से लेकर कई अन्य दायित्व निभाते हुए भाजपा में सक्रिय रहे। वो भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रकोष्ठ में रहे। झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ में रहे और जल प्रबंधन प्रकोष्ठ में प्रदेश सह-संयोजक रहे। इसके अलावा वो धार्मिक और समाजिक संगठनों में भी सक्रिय थे। वो विवेकानन्द नगर क्षेत्र की सनातन धर्म मंदिर समिति में महामंत्री थे। वो विवेकानन्द नगर विकास समिति के अध्यक्ष रहे। वो स्वामी विवेकानन्द सेवा संस्थान, इन्द्रप्रस्थ प्रदेश निर्माण मंच, वैश्य परिवार संगठन, प्रतिभा संगम जैसे संस्थानों के संस्थापक रहे। मुकेश भारती विवेकानन्द नगर क्षेत्र में रहते थे लेकिन पिछले कई वर्षों से वो गोल्फ लिंक सोसाइटी में रह रहे थे। वो भाजपा के कवि नगर मंडल के सबसे पहले अध्यक्ष रहे। सबसे बड़ी बात ये थी कि भाजपा के ये कार्यकर्ता अंतिम समय में भी भाजपा के लिए कार्य कर रहा था। महज 57 साल की उम्र में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। सबसे बड़ी बात ये है कि रविवार को उन्होंने अपने आवास पर 70+ बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने का कैम्प लगवा रखा था। वो इसी कैम्प में बैठे थे कि अचानक उनकी तबियत खराब हुई। परिजन एवं मित्रगण उन्हें पास के ही कोलम्बिया अस्पताल ले गये जहां सोमवार की सुबह मुकेश सिंघल भारती का निधन हो गया। 45 वर्ष पुराना कार्यकर्ता इस दुनिया को छोड गया। पूरी उम्र भाजपा का झंडा उठाया और जब अंत समय आया तब भी वो भाजपा के लिए काम कर रहे थे।

# पुलिस कमिश्नरेट वाले स्पेशल डॉग हो गए ओल्ड

## नए के लिए भेजा गया है लैटर जो अभी चल रहा है होल्ड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपनी खास ड्यूटी देने के लिए जाने जाने वाले दो लैब्रा डॉग पुराने हो गए हैं। नए लैब्रा डॉग के लिए मुख्यालय को पत्र लिखा जा चुका है। गाजियाबाद के लिए चार नए डॉग्स की डिमांड भी की गई है। जिसमें जानकारी है कि अभी डॉग्स ट्रेनिंग पर गए हुए हैं। वहीं बताया जा रहा है कि ओल्ड डॉग होने की वजह से इन्हें बीते दिनों नए साल की सुरक्षा जांच के लिए भी इस्तेमाल नहीं किया जा सका था। तो वहीं अब तक 26 जनवरी की सुरक्षा को लेकर भी इन्हें फील्ड पर नहीं लगाया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के साथ वर्तमान में गाजियाबाद पुलिस के पास दो लेब्रा डॉग हैं। जिसमें एक मेल और दूसरी फीमेल है। एक का इस्तेमान ट्रैकर की भूमिका में रहता है। तो वहीं दूसरा नारकोटिक्स में विशेषता रखता है। इनकी उम्र अधिक होने और ठंड का मौसम होने की वजह से पुलिस इनसे वर्किंग नहीं ले पा रही है।

**गाजियाबाद पुलिस के पास हैं वर्तमान में दो लेब्रा डॉग**



### एयरपोर्ट पर ड्यूटी निभाते रहे हैं दोनों लैब्रा

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद के हिंडन एयर पोर्ट पर दोनों लैब्रा की डयूटी सर्दी के मौसम से पहले लगती रही है। साथ ही खास आयोजनों और वीवीआईपी मूवमेंट पर भी इनका इस्तेमाल किया जाता था। बताया जा रहा है कि जो दोनों लैब्रा गाजियाबाद पुलिस के पास हैं, उसमें एक नारकोटिक्स और दूसरा ट्रैकर की भूमिका वाला है। दोनों ही पुराने होने की वजह से अब पुलिसकर्मी इनसे ज्यादा वर्क नहीं ले रहे हैं।

### पिछले साल हुई थी एक लैब्रा की मौत

**करंट क्राइम :** वर्ष 2024 में पुलिस लाइन में तैनात एक लैब्रा की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि वह एसीपी रैंक का लैब्रा था, जिसकी लंबी बीमारी के बाद मृत्यु हुई थी, लैब्रा को 8 साल से अधिक की फील्ड ड्यूटी और विशेष यूनिट के साथ काम करने का अनुभव भी था। उसकी मृत्यु पर पुलिस लाइन गाजियाबाद में उसे विधिवत सलामी देने के साथ अंतिम संस्कार किया गया था।

# इंदिरापुरम नगर निगम को हैंडओवर होने के बाद नहीं मिल रहा सुविधाओं का लाभ, टूट गया ख्वाब

उदयवीर सिंह

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम हैंडओवर हुआ है तब से इंदिरापुरम में सीवर की समस्या के लिए कोई काम नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से सारी नालियां चौक हो गई है, गलियों में पानी भरा रहता है। लोग घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। बच्चों को स्कूल जाने के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, कॉलोनी की गलियों में घुटनों तक पानी है और लोग अपने घर से नहीं निकल पा रहे हैं। गंदगी और बदबू की वजह से लोगों को संक्रमण होने का भी खतरा बना हुआ है। वही आए दिन लोगों ने रैली में नगर निगम खिलाफ नारेबाजी की। सीवर की समस्याओं को लेकर जब सोमवार को इंदिरापुरम के पार्षदों से बात की गई तो उन्होंने कहा सभी वार्डों में सीवर की समस्या है बरकरार जब करते हैं नगर निगम के अधिकारियों से बात आश्वासन के अलावा नहीं मिलता समाधान।


वार्ड 98 अहिंसा खंड


वार्ड 79 न्याय खंड एक


वार्ड 81 शक्ति खंड


वार्ड 57 मकनपुर

### सीवर ओवरफ्लो से हुआ बेहाल वार्ड 79: हरीश कडाकोटी



**करंट क्राइम।** पार्षद हरीश कडाकोटी कोटी का कहना है कि आजकल वार्ड 79 की गलियों का सीवरों के ओवरफ्लो होने से बुरा हाल हो गया है। लोगों के घरों के अंदर भी सीवर का पानी बैक करने लगा है। गलियों में निकलना लोगों का मुश्किल हो गया है शक्ति खंड एक दो और तीन चार नीति खंड और न्याय खंड एक दो और तीन और ज्ञान खंड में ज्यादा जगह पर ओवरफ्लो हो रहा है। न्याय खंड एक में यह समस्या बढ़ गई है। लोग लगातार शिकायतें कर रहे हैं। पार्षद हरीश कड़ाकोटी लगातार अधिकारियों को बोल कर पूरी कोशिश तो कर रहे हैं लेकिन नगर निगम क्या कहना है अभी हैंडोवर का काम जारी है टीम अभी जल्द यहां पर भेजी जाएगी और मशीन भी यहां के लिए आएंगे लेकिन जो सफाई के लिए गाड़ी भेजी जा रही है वह बिना मशीनरी के आकर देख कर चले जा रहे हैं। 6 महीने तक प्राधिकरण की टीम और गाड़ियां मशीन सीवर ओवरफ्लो या अन्य समस्याओं को देखेंगे।

### इंदिरापुरम हैंडओवर होने के बाद लाभ नहीं नुकसान हुआ है, और समस्या से जूझ रहा है: धीरज अग्रवाल



**करंट क्राइम।** पार्षद धीरज अग्रवाल का कहना है कि इंदिरापुरम जब से नगर निगम ने हैंडओवर लिया है। कोई लाभ नहीं मिल रहा है, बल्कि हर समस्या से जूझ रहे हैं वार्ड 81 के निवासी। उन्होंने बताया सबसे भयंकर समस्या सीवर की है, सफाई व्यवस्था चौपट है। जगह कूड़े के ढेर लग रहे हैं। साप्ताहिक बाजार का भी कूड़ा नहीं उठा रहा है। उन्होंने बताया नगर निगम जब तक इंदिरापुरम के लिए सुपर सोकर मशीन नहीं लेगी तब तक सीवर ओवरफ्लो की समस्या का समाधान नहीं होगा। जल्द से जल्द नगर निगम इंदिरापुरम पर कम करें।

### सुपर सोकर मशीन उपलब्ध कराए निगम: अनुज त्यागी



**करंट क्राइम।** पार्षद अनुज त्यागी कहना है कि वार्ड 87 में करीब सब जगह सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं। इस के लिए नगर निगम को सुपर सोकर मशीन उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि नगर आयुक्त से मेरी मुलाकात हुई उन्होंने कहा है। कि करीब 10 दिन के अंदर निगम की तरफ से सीवर का टेंडर जारी हो जाएगा। और निगम सोकर मशीन भी उपलब्ध कराएगी जिससे इंदिरापुरम में सीवर ओवरफ्लो की समस्या समाप्त होगी।

### नगर निगम के पास नहीं है संसाधन इसलिए उत्पन्न हो रही सीवर की समस्या: डॉ अनिल तोमर



**करंट क्राइम।** पार्षद डॉ अनिल तोमर ने बताया इस समय इंदिरापुरम में सीवर की समस्या उत्पन्न हो रही है, इसके लिए नगर निगम को ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि संसाधनों की कमी के चलते सीवर की समस्या उत्पन्न हो रही है। इंदिरापुरम को सुपर सोकर मशीन जल्द से जल्द मिले, जिससे वार्डों में सीवर की लाइन चौक को खोला जा सके। उन्होंने बताया कि एसटीपी भी समय से नहीं चला जिस कारण इंदिरापुरम मेब सीवर ओवरफ्लो की समस्या उत्पन्न हो रही है। अधिकारियों को पर ध्यान दें की जरूरत है, एसटीपी 24 घंटे चले जिससे सीवर ओवरफ़्लो की समस्या खत्म है।

### अधिकारी नहीं सुनते, बोलते हैं एक-दो दिन और रुक जाओ: राधेश्याम त्यागी



**करंट क्राइम।** पार्षद राधेश्याम त्यागी का कहना है कि नगर निगम ने जब से इंदिरापुरम को हैंडओवर किया है। सभी वार्डों में सीवर की समस्या बनी हुई है, नगर निगम के पास संसाधनों की कमी होने के कारण लाइन अधिकतर चौक है। जिस कारण सफाई नहीं हो पाती और गलियों में सीवर का पानी भरा हुआ है, उन्होंने बताया जब हम नगर निगम के अधिकारियों को फोन करते हैं। तो बोलते हैं एक-दो दिन रुक जाओ फिर करते हैं। काम जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं पानी की लाइन लिखित है कोई भी सुविधा नाम की वार्ड में नहीं मिल रही है।

### इतनी जल्दी कंट्रोल में नहीं आएगा इंदिरापुरम: संजय सिंह



**करंट क्राइम।** पार्षद संजय सिंह का कहना है कि इंदिरापुरम नगर निगम हैंडओवर होने के बाद इतनी जल्दी कंट्रोल में नहीं आएगा। क्योंकि संसाधनों की कमी है जिसके चलते इंदिरापुरम के कुछ वार्डों में सीवर की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि कई वार्ड में लाइन छोटी डाली है। जिस कारण सीवर ओवरफ्लो हो रहा है, उन्होंने बताया कि वार्ड 79 वार्ड 57 में अधिकतर भैस की डेरिया है, जो जिनका गोबर सीवर लाइन में जाता है और लाइन चौक हो जाती है। नगर निगम को इस पर काम करना चाहिए जिससे सीवर की लाइन में गोबर न जाए और सीवर ओवरफ़्लो न हो। उन्होंने बताया पुरानी लाइन डाली हुई है, जो नगर निगम दोबारा डालेगा तो तभी समस्या का समाधान होगा।

### इंदिरापुरम है संघर्ष में, पार्षदों के साथ करें बैठक नगर निगम के अधिकारी: प्रीति जैन



**करंट क्राइम।** पार्षद प्रीति जैन ने बताया कि इस समय इंदिरापुरम संघर्ष में है, क्योंकि नगर निगम के लिए अभी तक नगर निगम ने कोई योजना नहीं बनाई। सभी पार्षदों के साथ बैठकर समस्याओं को लेकर एक योजना बनाई जाए। जिससे इंदिरापुरम की साफ सफाई बेहतर हो सके, उन्होंने बताया कि इस समय इंदिरापुरम में सबसे बड़ी समस्या सीवर ओवरफ़्लो की है। जिसे का समाधान नहीं हो पा रहा है, अधिकारी भी इस मामले में फेल है, उन्होंने बताया कि अधिकारियों को चाहिए कि इंदिरापुरम के सभी पार्षदों के साथ बैठक करें। और एक-एक समस्या का समाधान किया जाए, पंप समय से नहीं चल रहे जिस कारण सीवर की समस्या उत्पन्न हो रही है।

# देखिए दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी की नजर से महाकुंभ

## प्राचीन पंचकोसी परिक्रमा के पहले दिन संतों व भक्तों का सैलाब उमड़ा : श्रीमहंत नारायण गिरि

### शुभारंभ जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने किया



**करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत तथा जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी इन दिनों कुंभ मेले में है। गाजियाबाद के लिए महंत नारायण गिरी विशेष रूप से प्रतिदिन कुंभ मेले की आस्था से लेकर व्यवस्था तक पूरा हाल बता रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के साथ वो प्रतिदिन कुंभ मेले से प्रकाशित होंगे।

www.currentcrime.com दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

**प्रयागराज, करंट क्राइम।** ऐतिहासिक संगम नगरी में प्राचीन पंचकोसी परिक्रमा सोमवार से शुरू हो गई। परिक्रमा में पहले दिन संतों व भक्तों का ऐसा सैलाब उमड़ा कि चारों तरफ भक्ति व श्रद्धा की बौछारें पड़ने लगीं। पंचकोसी परिक्रमा का शुभारंभ जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने जगद्गुरु शंकराचार्य सुमेरूमठ काशी स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज, मेला प्रभारी श्रीमहंत मोहन भारती महाराज, श्रीमहंत महेश पुरी



महाराज, श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि महाराज, मेला अधिकारी चंडिका प्रसाद, दयाराम, मुनी लाल पांडे व श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के हजारों संतों की मौजूदगी में किया। वर्ष 2019 के कुंभ में 550 वर्ष के बाद श्रीमहंत हरि गिरि महाराज व मेला प्रशासन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग से इस पंचकोसी परिक्रमा को पुनः शुरू कराया था। इस वर्ष यह छठी पंचकोसी परिक्रमा है। 5 दिन तक चलने वाली इस परिक्रमा में चारों दिशाओं में स्थापित वेणी माधव मंदिरों के साथ ही अन्य प्राचीन और पौराणिक महत्व वाले मंदिरों में जाकर दर्शन-पूजन किया जाएगा। प्रयागराज की पंचकोसी परिक्रमा का सोमवार को संगम स्नान व पूजन के साथ शुभारम्भ किया गया। इसके बाद अक्षय वट और सरस्वती कूप का दर्शन-पूजन, लेटे हुए हनुमान जी के दर्शन-पूजन, दत्तात्रेय मंदिर का दर्शन-पूजन, राम मंदिर का दर्शन-पूजन, ललिता देवी कल्याणी देवी स्थित सिद्ध मठ में दर्शन-पूजन, यमुना घाट व राम घाट का दर्शन-पूजन किया गया। यमुनापार के बरखंडी महादेव के दर्शन-पूजन के साथ पहले दिन की परिक्रमा ने विश्राम लिया।

### धर्म व अध्यात्म की अखंड ज्योत प्रज्वलित करती है यह परिक्रमा : श्रीमहंत नारायण गिरि

श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि पंचकोसी परिक्रमा का बहुत अधिक महत्व है। यह परिक्रमा जहां एक और धर्म व आध्यात्म की अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित करती है, वहीं सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति व गुरूकुल शिक्षा पद्धति को पुनर्स्थापित करने का कार्य भी करती है।

## संपादकीय

# ट्रम्प, वर्ल्ड बैंक और भारत

इस वर्ष घटी आर्थिक घटनाओं के परिणामों पर दुनिया भर में काफी चिंता का माहौल है। काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि डॉनल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका में क्या नीतिगत बदलाव आते हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक ने गत सप्ताह अपने आर्थिक अनुमान जारी कर दिए। उन्होंने इसमें अनिश्चितता का संकेत दिया, जो हमें अमेरिकी नीतिगत बदलावों से परे भी दिखती रहेगी। दोनों बहुपक्षीय संस्थानों का मानना है कि इस वर्ष वैश्विक वृद्धि स्थिर रहेगी मगर उनके अनुमान अलग-अलग हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान है कि 2025 में विश्व अर्थव्यवस्था 3.3 फीसदी दर से विकसित होगी जबकि विश्व बैंक का अनुमान 2.7 फीसदी वृद्धि का है। किंतु आईएमएफ ने अपने अनुमान में स्पष्ट कहा है कि वृद्धि दर इस सदी के पहले दो दशकों की तुलना में कम रहेगी।

विश्व बैंक के मध्यम अवधि के अनुमान में खास तौर पर उभरते बाजारों और विकासशील देशों के लिए उसका आकलन ऐसी तस्वीर पेश करता है, जो नीति निमार्ताओं को चिंतित कर सकती है। रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक वृद्धि में 60 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाले ये देश जिस प्रति व्यक्ति आय के साथ इक्कीसवीं सदी के दूसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं उसके कारण उन्हें विकसित देशों के स्तर तक पहुंचने में पहले से भी अधिक समय लगेगा। मध्यावधि में धीमी वैश्विक वृद्धि का नतीजा भारत को भी भुगतना होगा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पहले अग्रिम अनुमानों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.4 फीसदी दर से बढ़ेगी। यह गत वित्त वर्ष में हासिल 8.2 फीसदी की गति से बहुत धीमी है। अर्थशास्त्र के विद्वानों का तर्क है कि भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी के बाद की तेज वापसी के पश्चात अपनी सामान्य वृद्धि दर की ओर लौट रही है। ऐसे में मध्यम अवधि की वृद्धि संभावनाओं को तेज करने पर ध्यान देना होगा। मध्यम अवधि में वृद्धि के पूवार्नुमान तो चुनौती भरे हैं ही, निकट भविष्य में भी अनेक जोखिम हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी संकेत किया है : टैरिफ की नई लहर के रूप में संरक्षणवादी नीतियों के गहराने से व्यापार में तनाव बढ़ सकता है, निवेश घट सकता है, बाजार क्षमता में कमी आ सकती है, व्यापार का प्रवाह बिगड़ सकता है और आपूर्ति श्रृंखला में उथलपुथल मच सकती है। इससे मध्यम और निकट दोनों अवधियों में वृद्धि को झटका लग सकता है। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन से संरक्षणवादी नीतियों के साथ जिस तरह की मौद्रिक नीति की अपेक्षा है, उससे निकट भविष्य में अमेरिका की वृद्धि दर बढ़ सकती है। किंतु इसकी वजह से राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों में भारी बदलाव हुए तो दुनिया भर में धन के प्रभाव और डॉलर की ताकत पर असर पड़ सकता है।

# पीएम इंटर्नशिप स्कीम में छोटे शहरों के युवाओं को मिलेगा मौका




**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2025 से पहले प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम को लेकर बड़ा अपडेट आया है। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय इस स्कीम के दूसरे चरण की तैयारियों के दौरान इसमें राज्य सरकारों को शामिल कर सकता है, जिससे आवेदकों की हिस्सेदारी बढ़ सके। सूत्रों का कहना है कि, बजट में इस स्कीम के अपडेट को लेकर घोषणा संभव है। स्कीम में इंसेंटिव का दायरा बढ़ाया जा सकता है।

जबकि दूसरी तरफ करीब 280 कंपनियां इस योजना को लागू करने की प्रक्रिया में हैं। वे जिलों में इंटर्नशिप के अवसर चिह्नित करेंगी। दरअसल, इस समय प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रायोगिक स्तर पर है। इसमें 1,00,000 से कम इंटर्नशिप की पेशकश की गई है, जबकि कंपनियों ने पहले चरण में 1,27,000 अवसर मुहैया कराए थे। सूत्रों ने कहा कि सरकार इस कार्यक्रम की पहुंच व्यापक बनाने तथा इसे अधिक आकर्षक बनाने के लिए कदम उठा सकती है। इस योजना के तहत मार्च 2025 तक 1,25,000 अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन सरकार ज्यादा आवेदकों को आकर्षित करने के लिए सरकार कुछ बदलाव करने पर विचार कर रही है, जिसमें आयु सीमा बढ़ाना और शैक्षणिक मानदंडों में ढील दिया जाना शामिल है।

सूत्रों का कहना है कि,इस स्कीम के शुरूआती परिणामों के आधार पर ही योजना में बदलाव किया जाएगा। इसके बाद इस योजना को पूरी तरह लागू करने के लिए मंत्रालय, कैबिनेट से मंजूरी लेगा। पिछले 3 वर्षों के औसत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर किए गए खर्च के आधार पर शीर्ष 500 कंपनियां इस योजना में भाग लेंगी। इनमें से ज्यादातर कंपनियां अब इंटर्नशिप योजना का हिस्सा बन रही हैं। हम उनके साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे कि इंटर्नशिप योजना की पेशकश की जा सके। फरवरी में दूसरे चरण को लागू किए जाने की संभावना है, जब इंटर्न की अगली खेप कंपनियों में प्रशिक्षण लेगी। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में 2,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इनमें से 20 नवंबर तक 6.04 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

यह योजना शीर्ष 500 कंपनियों के साथ साझेदारी में चल रही है, जो पिछले तीन वर्षों में उनके औसत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व व्यय पर आधारित होगी। इसमें भागीदारी स्वैच्छिक है, लेकिन इसका उद्देश्य युवाओं को एक बड़ा मंच प्रदान करना है। इस योजना का लक्ष्य न केवल युवाओं को अनुभव प्रदान करना है, बल्कि उन्हें रोजगार के अवसरों से भी जोड़ना है, जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। इस स्कीम के लिए चयनित उम्मीदवारों को एकमुश्त 6,000 रुपये का भत्ता और 4,500 रुपये का मासिक वजीफा मिलेगा।

# पेटीएम को तीसरी तिमाही में हुआ 208 करोड़ रुपये का घाटा

**नई दिल्ली।** पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर से दिसंबर) में 208 करोड़ रुपये का नुकसान दर्ज किया है। पिछले साल समान तिमाही में यह आंकड़ा 222 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में कंपनी की आय सालाना आधार पर 36 प्रतिशत कम होकर 1,828 करोड़ रुपये रह गई है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 2,851 करोड़ रुपये थी। तिमाही आधार पर पेटीएम की आय 10 प्रतिशत बढ़ी है। इसकी वजह ग्रॉस मर्चेंडाइज वैल्यू (जीएमवी) बढ़ना, सब्सक्रिप्शन आय में मजबूत वृद्धि और फाइनेंसियल सर्विसेज के वितरण से अधिक आय होना है। पेटीएम ने कहा, हम तिमाही और सालाना आधार पर अप्रत्यक्ष लागत को क्रमशः 7 प्रतिशत और 23 प्रतिशत कम करके 1,000 करोड़ रुपये तक ले आए हैं। कंपनी ने आगे कहा, कर्मचारी खर्च वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीनों में 451 करोड़ रुपये कम हुआ है। यह कंपनी के 400 करोड़ रुपये से लेकर 500 करोड़ रुपये के बचत के लक्ष्य को पार कर गया है। कंपनी की भुगतान सेवाओं से होने वाली आय बढ़कर 1,059 करोड़ रुपये हो गई है, जबकि वित्तीय सेवाओं से होने वाली आय तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 502 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। प्लेटफॉर्म के माध्यम से जीएमवी तिमाही-दर-तिमाही आधार




पर 13 प्रतिशत बढ़कर 5 लाख करोड़ रुपये हो गया। पेटीएम के पेमेंट डिवाइस के लिए मर्चेंट सब्सक्राइबर बेस बढ़कर 1.17 करोड़ हो गया, जिसमें तिमाही के दौरान 5 लाख नए ग्राहक जुड़े। अधिक सब्सक्रिप्शन आय और स्थिर पेमेंट प्रोसेसिंग मार्जिन की मदद से नेट पेमेंट मार्जिन 489 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पेटीएम ने दिसंबर तिमाही के दौरान 3,831 करोड़ रुपये के लोन भी वितरित किए, जबकि वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में यह आंकड़ा 3,303 करोड़ रुपये था।

# गौतम अदाणी ने छात्रों से कहा, 'आप भारत के ग्लोबल एंबेसडर बनने की राह पर'



**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को छात्रों से कहा कि भारत अब रनवे पर उड़ान भरने को तैयार है और आप भारत के ग्लोबल एंबेसडर बनने की राह पर हैं। अदाणी इंटरनेशनल स्कूल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौतम अदाणी ने कहा कि वे पंख हैं जो भारत को ऊपर उठाएंगे। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने कहा कि आप एक ऐसी पीढ़ी का हिस्सा हैं, जिसमें अपने से पहले की किसी भी पीढ़ी से ज्यादा संभावनाएं हैं। आप भारत को दुनिया के सामने ले जाएंगे और दुनिया को भारत लाएंगे। मेरे युवा मित्रों, इस नए भारत में, शिक्षा ही आपकी अलग पहचान बनाने का सबसे बड़ा आधार है। गौतम अदाणी ने अपनी शिक्षा के शुरूआती दिनों के बारे में बताया और कहा कि जब मैंने यात्रा की शुरूआत की थी, तो न हमारे पास रोडमैप था और न ही कोई रिसोर्स और कनेक्शन थे। गौतम अदाणी ने छात्रों से कहा कि मेरे पास बस एक सपना था, कुछ सार्थक बनाने का, कुछ ऐसा जो मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाने में योगदान दे सके। मैं हर दिन इसका सपना देखता था और जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मैं कह सकता हूं कि सपने अमीरों का विशेषाधिकार नहीं हैं। वे उन लोगों का पुरस्कार हैं, जो विश्वास करने और अथक परिश्रम करने का साहस करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में अदाणी ग्रुप भारत का सबसे तेजी से बढ़ता कारोबारी ग्रुप है। देश में किसी अन्य कारोबारी ग्रुप के मुकाबले ज्यादा नए बिजनेस क्रिएट करने की क्षमता है। उन्होंने माता-पिता को सलाह दी कि वे अपने बच्चों को मजबूती, सहानुभूति और दूसरों की सेवा करने की क्षमता से लैस करें। गौतम अदाणी ने कहा, आपके बच्चों को सिर्फ आपकी दौलत ही नहीं मिलती, उन्हें आपके मूल्य भी मिलते हैं। उन्हें खोज करने, कुछ नया करने और सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करें, लेकिन उन्हें जड़ें भी दें ताकि वे कभी भी उस मिट्टी को न भूलें, जिससे वे आए हैं।

# ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले भारतीय शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 454 अंक बढ़ा

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में तेजी देखी गई। सेंसेक्स 454 अंक या 0.59 प्रतिशत बढ़कर 77,073 और निफ्टी 141 अंक या 0.61 प्रतिशत बढ़कर 23,344 पर बंद हुआ। भारतीय समय के अनुसार रात 10 बजे ट्रंप 47वें अमेरिकी राष्ट्रपति रूप में शपथ लेंगे। शेयर बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में खरीदारी देखी गई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 498 अंक या 0.91 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,106 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 192 अंक या 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,864 पर बंद हुआ।



बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,503 शेयर हरे निशान में और 1,557 शेयर लाल निशान में और 168 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। सेंसेक्स में कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एसबीआई, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, टाइटन और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे। जोमैटो, अदाणी पोर्ट्स, टीसीएस, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, सनफार्मा, एचयूएल और नेस्ले टॉप लूजर्स थे। आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स हरे निशान में और केवल ऑटो और एफएमसीजी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुआ है। चॉइस ब्रोकिंग के अनुसार, निफ्टी के लिए 23,100, 23,000 और 22,800 एक मजबूत सपोर्ट लेवल है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? यदि आप एक कटा हुआ अंगूर माइक्रोवेव में गर्म करते हैं, तो यह सुपर-हॉट प्लाज्मा में बदल कर आग के गोले की तरह विस्फोट कर सकता है।
- शायद आप यह नहीं जानते की, दुनिया के पसंदीदा फलों के शीर्ष दस में अंगूर, टमाटर, आम और केले के साथ गिना जाता है।
- यदि वनस्पति रूप से बात करे तो, यह फल जामुन के समूह से संबंधित है। पिरामिड के आकार वाले समूहों में फल बढ़ता है, एक क्लस्टर यानि गुच्छे में औसतन 75 जामुन शामिल होते हैं। वे गोल हो सकते है, अंडे का आकार में या लम्बे भी हो सकते है। अधिकांश प्रकार के अंगूरों की बेरीज में बीज होते हैं। बीजरहित अंगूरों को किशमिश बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है!
- क्या आप जानते हैं? वाइन की बोतलों पर साल का वर्ष तबसे माना जाता है, जबसे अंगूर फ्रूट को चुना गया था, न कि तब जब वाइन को बोतलबंद किया गया था।
- अंगूर फ्रूट का उत्पादन दुनिया भर में बहुत बड़ा, अच्छी तरह से विकसित और लोकप्रिय व्यापार है। इस ग्रह पर लगभग 25 मिलियन एकड़ भूमि अंगूर के बाग के साथ कवर किया गया है। जिससे प्रत्येक वर्ष 72 मिलियन टन अंगूर का उत्पादन होता है, आपको जानकर आश्चर्य होगा की उत्पादित अंगूरों का 71% वाइन के निर्माण में उपयोग किया जाता है, 27% को ताजे फल के रूप में बेचा जाता है और 2% किशमिश में बदल दिए जाते हैं।

## राशिफल

**मेष :** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी।

**वृष :** कामकाज में अधिक ध्यान देगा पड़ेगा। दूर से दु:खद समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। समय पर काम नहीं होने से तनाव रहेगा। गुस्से पर काबू रखें।

**मिथुन :** पहले किए गए प्रयास का लाभ अब मिलेगा। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे।

**कर्क :** आय में सुगमता रहेगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता बढ़ेगी।

**सिंह :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**कन्या :** कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। व्यवस्था में मुश्किल होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। गुस्से पर काबू रखें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला :** पहले किसी व्यक्ति को दिए गए कर्ज की वसूली हो सकती है। व्यावसायिक प्रवास सफल रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**वृश्चिक :** आर्थिक वृद्धि के लिए नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**धनु :** गृहस्थ जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। जीवनसाथी को भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है।

**मकर :** कोई पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। शारीरिक हानि की आशंका बनती है।

**कुंभ :** किसी लंबे मनोरंजक प्रवास का कार्यक्रम बन सकता है। आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मीन :** कुबुद्धि हावी रह सकती है इसलिए कोई भी निर्णय सोम-समझकर करें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। कार्य के प्रति उत्साह रहेगा।

## चुटकुले

बेटा- मुझे शादी नहीं करनी! मुझे सभी औरतों से डर लगता है!
पिता- कर ले बेटा! फिर एक ही औरत से डर लगेगा, बाकी सब अच्छी लगेंगी।

---

एक सुन्दर लड़की पढाई में कमजोर थी।
हमेशा दोस्तों के साथ मस्ती करती रहती थी।
टीचर-तुम्हारे गणित में इतने कम नम्बर क्यों आए ?
लड़की-आई नहीं थी, ना उस दिन।
टीचर-क्या तुम पेपर वाले दिन आई ही नहीं थी ?
लड़की-नहीं, वो मेरी बगल वाली लड़की नहीं आई थी!!

---

एक दोस्त दूसरे दोस्त से- यार, दोस्त इतने भी दुष्ट नहीं होने चाहिए
एक तो नालायकों को रात को नाली से उठाकर लाओ और अगली सुबह वो मुझसे ही बोलते हैं,
'मुझे तो ले आए मेरी चप्पल क्यों नहीं लाए।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# अंडर-19 विश्व कप : नाइजीरिया, यूएसए की ऐतिहासिक जीत

## ऑस्ट्रेलिया ने भी बांग्लादेश को रोमांचक मैच में हराया

**कुआलालंपुर ।** वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत हासिल की।

नाइजीरिया ने न्यूजीलैंड को दो रन से हराकर अपने पहले ही वैश्विक टूनार्मेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह मुकाबला 13 ओवर का था, जिसमें नाइजीरिया की कप्तान लकी पायटी ने टीम के लिए पहला छक्का लगाकर बढ़त बनाई। हालांकि, न्यूजीलैंड ने पावरप्ले के बाद नाइजीरिया के तीन विकेट 28 रन पर गिरा दिए।



लिलियन उडे ने 19 रन बनाकर सबसे ज्यादा योगदान दिया। ओमोसिघो एगुआकुन ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर न्यूजीलैंड के सामने 66 रनों का लक्ष्य रखा। गेंदबाजी में नाइजीरिया ने शानदार शुरूआत की, पहली ही गेंद पर केट इरविन को रन आउट किया।

आखिरी ओवर में लिलियन ने सिर्फ 6 रन दिए और एक रन आउट कर नाइजीरिया को यह ऐतिहासिक जीत दिलाई।

वहीं, जोहोर में अमेरिका ने आयरलैंड को नौ विकेट से हराया। इस जीत में इसानी वाघेला ने 3 विकेट लिए, जबकि दिशा ढींगरा ने 46 रनों की अहम पारी खेली।

आयरलैंड की शुरूआत खराब रही, और वे 74 रन पर ऑलआउट हो गए। अमेरिका ने 75 रनों का लक्ष्य सिर्फ 10 ओवर में हासिल कर लिया। दिशा और चेतना रेड्डी की ओपनिंग साझेदारी ने टीम को मजबूत शुरूआत दी। दिशा ने 33 गेंदों पर 46 रनों की पारी खेली।

**आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप के तीसरे दिन का खेल नाइजीरिया और यूएसए के लिए ऐतिहासिक रहा, जिन्होंने टूनार्मेंट के इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की**

वहीं, कुआलालंपुर में ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 2 विकेट से हराया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 91/9 का स्कोर बनाया। आफिया असीमा ने 29 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया की पारी में कप्तान लूसी हैमिल्टन ने 30 रन बनाए, लेकिन टीम ने एक समय 17 रनों पर 5 विकेट गंवा दिए। हालांकि, एला ब्रिस्को (11*) और टेगन विलियमसन (3*) ने अंत तक डटे रहकर टीम को 4 गेंद शेष रहते जीत दिलाई।

संक्षिप्त स्कोरः नाइजीरिया 65/6 (लिलियन उडे 19, पीटी लकी 18; हन्ना फ्रांसिस 1-4, अनिका तौव्हारे 1-6), न्यूजीलैंड 63/6 (अनिका टॉड 19, टैश वेकेलिन 18; पीस यूसेन 1-5, पिटी)

आयरलैंड 17.4 ओवर में 75 रन पर ऑल आउट (एलिस वॉल्श 16, लारा मैकब्राइड 13; इसानी वाघेला 3-10, रितु सिंह 2-8), यूएसए 79/1 (दिशा ढींगरा 46, चेतना रेड्डी पगड्याला 23 नाबाद, लारा मैकब्राइड ।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : स्वितोलिना ने छह साल बाद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**मेलबर्न ।** यूक्रेन की खिलाड़ी और 28वीं सीड एलिना स्वितोलिना ने सोमवार को रोड लेवर एरिना में हुए चौथे राउंड के मुकाबले में वेरोनिका कुदेरमेटोवा को 6-4, 6-1 से हराकर छह साल में पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।



पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 स्वितोलिना ने इतिहास रचते हुए ग्रैंड स्लैम में 100 मैच जीतने वाली पहली यूक्रेनी खिलाड़ी बनने के बाद यह कारनामा किया है। यह उनके करियर का 12वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल है।

अब क्वार्टरफाइनल में स्वितोलिना का सामना छठी सीड एलिना रिबाकिना और 19वीं सीड मेडिसन कीज के बीच होने वाले चौथे राउंड के विजेता से होगा।

स्वितोलिना के प्रदर्शन पर मां बनने के बाद भी कोई असर नहीं पड़ा है। 2022 में बेटी स्काई के जन्म के बाद यह

उ ना क ।

चौथा ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल है। उन्होंने 2018 और 2019 में लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।

पिछले साल, स्वितोलिना ने शानदार शुरूआत की थी, लेकिन चौथे राउंड में लिंडा नोस्कोवा के खिलाफ पीठ में चोट के कारण केवल तीन गेम के बाद मैच छोड़ना पड़ा। इसके बाद पूरे सीजन में वह शारीरिक समस्याओं से जूझती रहीं और यूएस ओपन के बाद फुट सर्जरी के लिए ब्रेक लिया। यह टूनार्मेंट उनकी सर्जरी के बाद पहला है।

मैच की शुरूआत में स्वितोलिना को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, क्योंकि पूर्व वर्ल्ड नंबर 9 कुदेरमेटोवा ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 4-1 की बढ़त बना ली थी। लेकिन स्वितोलिना ने अपनी लय हासिल करते हुए लगातार पांच गेम जीते और पहला सेट अपने नाम किया।

# आईडब्ल्यूएल : ईस्ट बंगाल ने नीता एफए को 4-1 से हराकर बरकरार रखा टॉप पर अपना स्थान

**भुवनेश्वर ।** पूर्वी बंगाल एफसी का शानदार प्रदर्शन जारी है। सोमवार को कैपिटल फुटबॉल एरेना में इंडियन विमेन्स लीग 2024-25 के मुकाबले में इस टीम ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए नीता एफए को 4-1 से हराया।

ईस्ट बंगाल के लिए अंजू तमांग, सौम्या गुगुलोथ, रेस्टी नांजीरी और संध्या रंगनाथन ने गोल किए, जबकि मेजबान टीम की तरफ से घाना की स्ट्राइकर गिफ्टी आचेअम्पोंग ने एकमात्र गोल किया। पहले हाफ में पूर्वी बंगाल ने 1-0 की बढ़त बना ली थी।



लीग लीडर ईस्ट बंगाल और हाल ही में प्रमोट हुई नीता एफए के बीच इस मुकाबले में रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने अपनी ताकत और खिताब जीतने के इरादे साफ कर दिए। इस जीत से ईस्ट बंगाल ने तालिका में अपनी टॉप पोजिशन और मजबूत कर ली। उन्होंने अब तक तीनों मैच जीते हैं और नौ अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। दूसरी ओर, नीता एफए तीन मैचों में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

मैच की शुरूआत से ही एंथनी एंड्रूज के कोचिंग वाली ईस्ट बंगाल ने खेल पर पूरी पकड़ बना ली। उनके मजबूत डिफेंस, सक्रिय मिडफील्ड और तेज अटैक ने नीता एफए को संभलने का मौका ही नहीं दिया।

ईस्ट बंगाल का पहला गोल 30वें मिनट में हुआ, जब कॉर्नर किक के बाद अंजू तमांग ने मौके का फायदा उठाकर गेंद को गोल में पहुंचा दिया। दूसरे हाफ की शुरूआत में ही, 48वें मिनट में सौम्या गुगुलोथ ने मिडफील्ड से बने एक बेहतरीन मूव पर गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। इसके तुरंत बाद, 50वें मिनट में, रेस्टी नांजीरी ने नीता एफए के डिफेंस को चीरते हुए एक और गोल कर दिया।

# बुमराह ने खुद को जिस तरह से तराशा आपको उन्हें श्रेय देना होगा : पारस म्हाम्ब्रे

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा कि 2013 के आईपीएल से शुरूआत करने के बाद जिस तरह उन्होंने खुद को एक खिलाड़ी के रूप में निखारा है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि दुनिया में बहुत कम गेंदबाज हैं जो तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे, टी20) में इतना बड़ा प्रभाव डाल सके हैं।




2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद बुमराह ने खुद को भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया। 2024 में बारबाडोस में हुए पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में बुमराह ने 15 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब जीता और भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई।

2024/25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 5 मैचों में 32 विकेट लेकर उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। हालांकि सिडनी टेस्ट की दूसरी पारी में पीठ दर्द के कारण वह गेंदबाजी नहीं कर सके थे।

म्हाम्ब्रे ने कहा, बुमराह ने जिस तरह से खुद को निखारा है, उसके लिए उन्हें पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए। वह बेहद फोकस्ड हैं और अपने खेल को लेकर हमेशा जागरूक रहते हैं।

# पंत को वनडे में और जिम्मेदारी के साथ खेलना होगा : सुरेश रैना

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी में ज्यादा जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करते देखना चाहते हैं। पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज रैना का मानना है कि पंत अगर 40-50 गेंद खेल सकते हैं तो वह मैच का रुख पलट सकते हैं। अगर वह 40-50 गेंद खेल सकते हैं, तो मैच को खत्म कर सकते हैं।

रैना ने कहा कि पंत को खुद को बताना होगा, मैं 50 गेंद खेल लेता हूं तो आराम से 80-100 रन बना सकता हूं, लेकिन उनके लिए क्रीज पर कुछ समय गुजारना अहम होगा। उनके पास काफी प्रतिभा है, योग्यता है और वह भारतीय टीम के लिए एक एक्स फैक्टर होने जा रहे हैं।



इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से भारत की तीन मैचों की वनडे सीरीज शुरू होने जा रही है, जिसमें पंत को जगह दी गई है। इसके अलावा, उन्हें फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी में भी जगह दी गई है। हालांकि, यह देखना अभी बाकी है कि वनडे मैचों में भारत पहली पसंद के कीपर के तौर पर पंत के साथ जाएगा या केएल राहुल के साथ। 31 मैचों में पंत ने 33.5 की औसत के साथ 871 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर इंग्लैंड के खिलाफ 125 नाबाद रन है।

रैना ने ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, पंत की कीपिंग में काफी सुधार आया है, उन्हें 50 ओवर के टूनार्मेंट में और जिम्मेदारी के साथ खेलने की जरूरत है। यह पंत के लिए अच्छा मौका है। मुझे लगता है अगर यशस्वी जायसवाल टॉप ऑर्डर पर नहीं खेलते हैं, तो पंत के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होने जा रही है। वह नंबर चार पर बैटिंग

2013 में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी, जिसमें रैना ने रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ जीत हासिल की थी। उनसे पूछा गया कि क्या कोहली, रोहित और जडेजा अगले महीने दुबई में 2013 की जीत को दोहरा पाएंगे, तो रैना ने हां में जवाब दिया।

उन्होंने कहा, मुझे 2013 में साफ याद है जब रोहित शर्मा और विराट कोहली ने जीत हासिल की थी; यह एक शानदार माहौल था। मुझे लगता है कि रवींद्र जडेजा ने उस टूनार्मेंट में अपने गेंदबाजी के कारण मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता था। ये तीनों अब एक ही टीम का हिस्सा हैं। रोहित शर्मा कप्तान हैं। मुझे याद है जब रोहित शर्मा को 2011 विश्व कप के लिए नहीं चुना गया था; उन्हें बहुत बुरा लगा और हाल ही में, उन्होंने टी20 विश्व कप जीता है। विराट ने पहले इस ट्रॉफी को उठाया है ।

# वॉर्नर ने की स्मिथ के अनफिट होने पर ट्रेविस हेड को टेस्ट कप्तान बनाने की सिफारिश

**नई दिल्ली ।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर ने कहा है कि अगर स्टीव स्मिथ श्रीलंका दौरे के लिए फिट नहीं होते हैं, तो ट्रेविस हेड ऑस्ट्रेलिया के नए टेस्ट कप्तान हो सकते हैं। स्मिथ को बिग बैश लीग (बीबीएल) के दौरान चोट लग गई थी।



पैट कमिंस अपनी दूसरी संतान के जन्म और टखने की चोट के कारण श्रीलंका दौरे के लिए उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाया गया था। लेकिन रविवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि स्मिथ को शुक्रवार को बिग बैश लीग के मैच में फील्डिंग करते हुए दाहिने कोहनी में चोट लगी है।

स्मिथ कोहनी पर ब्रेस पहने नजर आए और अभी तक दुबई स्थित आईसीसी अकादमी में ऑस्ट्रेलिया के प्री-टूर कैंप में शामिल नहीं हुए हैं। अगर वह 29 जनवरी से गाले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए फिट नहीं होते, तो वॉर्नर के अनुसार, श्रीलंका दौरे के लिए उप-कप्तान बनाए गए ट्रेविस हेड ऑस्ट्रेलिया के 48वें टेस्ट कप्तान बन सकते हैं।

वॉर्नर ने 'द ऑस्ट्रेलियन' से कहा, मुझे नहीं लगता कि वह ज्यादा बोलेंगे। जब उन्हें सही लगेगा, तब बदलाव करेंगे। वह लंबे समय से साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तानी कर रहे हैं और उनके पास एक समझदार दिमाग है।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर स्मिथ पूरे दौरे से बाहर हो जाते हैं, तो यह ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़ा झटका होगा। ₹अगर वह श्रीलंका दौरे से बाहर होते हैं, तो यह नुकसानदायक होगा, लेकिन मुझे लगता है कि वह इससे उबर पाएंगे।

# अमेरिकी खिलाड़ी मैडिसन कीज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

**मेलबर्न ।** नंबर 19 सीड अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी मैडिसन कीज ने सोमवार को नंबर 6 सीड कजाखस्तान की एलिना रिबाकिना को हराकर चौथी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।

कीज ने 2023 की ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट रिबाकिना को 6-3, 1-6, 6-3 से हराने में 1 घंटा 49 मिनट का समय लिया।

अब कीज सिर्फ एक जीत दूर हैं, जिससे वह मेलबर्न पार्क में तीसरी बार सेमीफाइनल में पहुंच सकती हैं। इससे पहले वह 2015 और 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंची थीं।

कीज ने पिछले हफ्ते एडिलेड में डब्ल्यूटीए 500 का खिताब जीता था और अब वह लगातार 9 मैच जीत चुकी हैं। इस साल वह सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली खिलाड़ी बन गई हैं, उनका कुल रिकॉर्ड 10-1 का है।



29 वर्षीय कीज का अगला मुकाबला नंबर 28 सीड एलिना स्वितोलिना से होगा, जिन्होंने पहले सेट में डबल-ब्रेक के बाद वापसी करते हुए वेरोनिका कुदेरमेटोवा को 6-4, 6-1 से हराया।

कीज का स्वितोलिना के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 3-2 का है। इन दोनों का आखिरी मुकाबला लगभग तीन साल पहले एडिलेड में हुआ था, जहां कीज ने स्वितोलिना को पहले राउंड में मात दी थी और बाद में उन्होंने खिताब भी जीता था।

स्वितोलिना 2018 और 2019 में लगातार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थीं। हालांकि, पिछले साल पीठ की चोट के कारण वह चौथे दौर के मैच से हट गई थीं। चोट और अन्य शारीरिक समस्याओं की वजह से उन्हें सीजन छोटा करना पड़ा और यूएस ओपन के बाद उन्होंने पैर की सर्जरी करवाई। यह टूनार्मेंट उनकी सर्जरी के बाद पहला है।

# आईपीएल 2025 : ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जाइंट्स का नया कप्तान नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली ।** आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स ने ऋषभ पंत को 2025 सीजन के लिए अपना नया कप्तान नियुक्त किया है। यह जानकारी टीम के प्रमुख मालिक संजीव गोयनका ने सोमवार को दी।

पिछले साल जेद्दा में हुई आईपीएल मेगा नीलामी में पंत सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे, जब उन्हें एलएसजी ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब वह आईपीएल में खेलने के अपने इतिहास में केएल राहुल, निकोलस पूरन और क्रुणाल पंड्या के बाद एलएसजी के चौथे कप्तान होंगे।



आईपीएल 2022 और 2023 सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद, एलएसजी 2024 में पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाने में विफल रहा, क्योंकि वे खराब नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर रहे।

यह दूसरी आईपीएल टीम होगी जिसकी कप्तानी पंत करेंगे, इससे पहले वह दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का नेतृत्व कर चुके हैं।


पंत 2021 से 2024 तक आईपीएल के संस्करणों में डीसी के कप्तान थे, सिवाय 2023 सीजन के, जिसमें वह दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में लगी चोटों के कारण नहीं खेल पाए थे।

लेकिन आईपीएल 2025 रिटेंशन डेडलाइन से पहले, उन्हें डीसी द्वारा रिलीज कर दिया गया था।

एलएसजी में, पंत मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ काम करेंगे, जिनसे उनकी ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान मुलाकात हुई थी, और टीम के मेंटर जहीर खान के साथ भी काम करेंगे। बल्लेबाजी विभाग में, पंत निकोलस पूरन, डेविड मिलर, मिशेल मार्श और एडेन मार्करम के साथ-साथ आयुष बदोनी, आर्यन जुयाल, अब्दुल समद और हिम्मत सिंह के साथ होंगे।

# रोहित के चैंपियंस ट्रॉफी समारोह के लिए पाकिस्तान नहीं जाने की रिपोर्ट

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक अधिकारी ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उस कथित फैसले पर चिंता जताई है, जिसमें भारत के कप्तान रोहित शर्मा को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन समारोह के लिए पाकिस्तान नहीं भेजने की बात कही जा रही है। यह टूनार्मेंट 19 फरवरी से शुरू होने वाला है यह




उम्मीद की जा रही थी कि रोहित शर्मा पाकिस्तान में होने वाले कप्तानों की परंपरागत फोटोशूट और प्री-इवेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेंगे। बता दें कि भारत अपने सभी चैंपियंस ट्रॉफी के मैच दुबई में खेलेगा, जिसमें 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाला बड़ा मुकाबला भी शामिल है।

# दोनों परिवारों की सहमति से हुई शादी, स्कूल में मेधावी छात्रा थीं हिमानी, मां और टीचर ने दी जानकारी

**सोनीपत ।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और गोल्डन बॉय के नाम से मशहूर नीरज चोपड़ा शादी के बंधन में बंध गए हैं। उन्होंने लॉन टेनिस खिलाड़ी हिमानी मोर के साथ शादी की है। ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी शादी के बारे में सार्वजनिक तौर पर बताया था। फैंस इस शादी और नीरज की पत्नी हिमानी मोर के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। हिमानी मोर की मां और टीचर ने हिमानी और इस विवाह से जुड़ी कई जानकारियां साझा की हैं।

हिमानी मोर सोनीपत के गांव लड़सौली की रहने वाली हैं। शादी के बारे में बात करते हुए हिमानी की मां मीना मोर ने स्पष्ट किया कि यह लव मैरिज नहीं है। दोनों परिवारों की सहमति से विवाह हुआ है। दोनों परिवार करीब 7-8 साल से एक-दूसरे को अच्छे से जानते हैं। नीरज और हिमानी भी एक-दूसरे को पहले से जानते थे।



उन्होंने कहा, यह शादी एक-दूसरे के परिवार की सहमति से हुई है और 14 से 16 जनवरी तक सभी रस्में पूरी हुई हैं। हिमाचल में शादी हुई है। दोनों परिवार और बच्चे एक-दूसरे को जानते थे। यह पारिवारिक मेलजोल काफी लंबे समय से रहा है। दोनों ने एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में उपयुक्त पाया। दोनों 7-8 साल से एक-दूसरे को जानते हैं। हिमानी यूएस में पढ़ रही हैं और जॉब भी कर रही हैं।

मीना मोर ने जानकारी दी कि हिमानी को शादी के तुरंत बाद यूएस जाना पड़ा है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर एडवाइजरी जारी हुई थी कि अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट्स को 20 तारीख से पहले ही वहां पहुंचना होगा। नीरज चोपड़ा भी उनके साथ गए हैं, जहां से वह अपनी ट्रेनिंग के लिए निकल जाएंगे।

उन्होंने बताया कि शादी में परिवार के मुख्य सदस्य ही शामिल हो पाए। इसका कारण नीरज का एक सेलिब्रिटी होना है। अब जल्द ही एक रिसेप्शन पार्टी आयोजित की जाएगी। इसके लिए दोनों परिवारों के बीच बात होगी।

## संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर को किया याद

# भाजपा एमएलसी ने कार्यकर्ताओं को बताया बाबासाहेब का जीवन संघर्ष





**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में संविधान गौरव अभियान के तहत आयोजित जिला संगोष्ठी में भाजपा के क्षेत्रीय विधान परिषद सदस्य चंद शर्मा ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को याद किया। जिला कार्यालय प्रीत विहार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि बाबासाहेब न केवल भारतीय संविधान के जनक थे, बल्कि एक महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और समाज सुधारक भी थे। श्री शर्मा ने बताया कि डॉ. आंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डॉक्टरेट की उपाधियां हासिल कीं। उन्होंने दलित समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई।

स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में उनकी सेवाएं अविस्मरणीय हैं। उन्होंने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों के लिए भी काम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने की। इस मौके पर राजीव सिरोही, पुनीत गोयल, मनोज बाल्मीकि, सुमित पर्चा, विनोद गुप्ता, कविता माधुरी, विश्व प्रकाश शर्मा, ललित मोदी, कैलाश वर्मा, अलका नेम, पायल गुप्ता, मोहित पाल और विक्रांत शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रणदीप भाटी गैंग का सदस्य यमुना एक्सप्रेसवे से गिरफ्तार

### 10 हजार के इनामी बदमाश पर 4 थानों में दर्ज हैं केस



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने रणदीप भाटी गैंग के एक खतरनाक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी अमन भाटी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। वह 18 दिसंबर को एक फार्म हाउस के केयरटेकर पर जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, घटना ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र के मोतीपुर गांव के पास हुई थी, जहां थार गाड़ी में सवार बदमाशों ने केयरटेकर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। हालांकि, पीड़ित बाल-बाल बच गया था। पीड़ित की शिकायत पर घरबरा गांव निवासी अमन भाटी और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। सोमवार को यमुना एक्सप्रेसवे के अंडरपास से गिरफ्तार किए गए अमन भाटी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी रणदीप भाटी गैंग के सक्रिय सदस्य भूपेंद्र का करीबी सहयोगी है। गैंग अवैध वसूली, रंगदारी, जमीन कब्जा और निर्माण कार्यों के अवैध ठेके लेने जैसी गतिविधियों में संलिप्त है। आरोपी के खिलाफ जिले के चार थानों में गंभीर मामले दर्ज हैं।

## फिल्म अभिनेता धीरज ने फिल्म नगरी में मेडिकल शिविर का किया आयोजन







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद निवासी अभिनेता प्रेम प्रकाश कुमार जो लम्बे समय तक प्रख्यात अभिनेता धीरज के असिस्टेंट रहें हैं ने जानकारी दी है कि गत दिवस फिल्म नगरी मुंबई में रोटरी क्लब के साथ फिल्म इंडस्ट्रीज के लिए एक मेडिकल शिविर का आयोजन किया, जिसमें जरूरत मंद लोगों को व्हील चेयर्स और चश्मे भी बड़ी तादाद में वितरित किए गए और हर रोग की जांच के बाद फ्री दवा भी वितरित की गईं। इस शिविर की खास बात यह रही कि इसमें आयुर्वेदिक, होम्योपैथक, एक्युपंचर आदि के साथ -साथ हड्डियों के दुरुस्त करने के भी स्टाल थे और हर विशेष पद्धति की जांच के बाद उसकी दवा भी फ्री में वितरित की गईं। चाय नाश्ता के बाद दोपहर के बाद लंच का भी आयोजन किया गया। उसी दौरान सिंटा के कुछ साथियों के साथ का ये पिक्चर है जिसमें गाजियाबाद निवासी अभिनेता प्रेम प्रकाश कुमार भी नजर आ रहे हैं।

## प्रेमी-प्रेमिका ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** करीब चार दिन से घर से लापता एक प्रेमी प्रेमिका के जोड़े ने परिजनों द्वारा शादी ना किये जाने से नाराज होकर मौत को गले लगा लिया और दोनों ने एक दूसरे का हाथ पकड़कर ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। रेलवे ट्रैक से होकर गुजर रहे लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मोदीनगर थानान्तर्गत गांव सीकरीखुर्द निवासी सागर (21) व विशाखा (19) एक ही गांव के रहने वाले थे। दोनों के घर भी पास ही पास है। सागर डी-फार्मा तृतीय वर्ष का छात्र व विशाख 12 वीं छात्रा थी। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया. 10 दिन पहले ही सागर का रिश्ता तय हो गया था। इसके बाद 4 दिन पहले लड़का व लड़की दोनों घर से चले गए थे। दोनों के घर वालों ने पुलिस में कोई शिकायत भी नहीं की थी। लड़के के पिता ने साजिशन हत्या का आरोप लगाया है। तनाव को देखते हुये पुलिस के आलाधिकारियों ने गांव में 4 थानों की पुलिस फोर्स व एक बटालियन पीएसी की तैनाती की गई है। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्डम के लिये भेज दिया है।

# बस ने बाइक को मारी टक्कर, कंपनी से घर लौट रहे कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत

## परिजनों ने दर्ज कराया केस




**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के जेवर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई। रविवार की शाम को बालम सिंह नाम का कर्मचारी जेवर स्थित अपनी कंपनी से ड्यूटी खत्म कर नोएडा लौट रहा था।

इसी दौरान एक तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बालम सिंह को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के जीजा संजय सिंह ने जेवर कोतवाली में अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि बस चालक की लापरवाही से यह घटना हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जेवर कस्बे में तेज रफ्तार वाहनों की वजह से पिछले कई महीनों में कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपी चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मारपीट का वीडियो वायरल, एक परिवार के दो पक्षों में जमकर मारपीट, पुलिस कर रही जांच



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग एक युवक को जमकर लाते घूसों से मार रहे है। एक व्यक्ति पत्थर से भी उसको मारने का प्रयास कर रहा है। हालांकि दूसरे व्यक्ति से ऐसा करने से रोक दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया। पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायत दी गई है।

### यमुना खादर क्षेत्र का मामला

मामले की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि ये मामला एक परिवार के दो पक्षों के बीच का है। जमीन विवाद के चलते दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ। जिसका वीडियो वायरल है। ये घटना थाना सेक्टर-126 के यमुना खादर की है। जहां दो पक्षों में जमीन का विवाद चल रहा है। एक पक्ष की ओर से जहां पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। सूचना के बाद मौके पर पहुंच गया।

### निर्माण रोकने को लेकर हुई बहस

एक पक्ष में काम को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई और मामला मारपीट में तब्दील हो गया है। बताया जा रहा है कि मारपीट कर रहे लोग आपस में परिवार के सदस्य है। इसमें से एक पक्ष सत्ता दल से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने बताया कि वीडियो को संज्ञान में लेकर कार्यवाही की जा रही है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है अन्य की तलाश जारी है। इस मामले की जांच की जा रही है।

## काव्य उत्सव में एक मंच से काव्य पाठ करेंगे 104 रचनाकार

# 22 जनवरी को गाजियाबाद के हिंदी भवन में होगा आयोजन



**लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन के मंच पर इस तरह का ये पहला आयोजन है जिसमें एक ही कार्यक्रम में 104 रचनाकार काव्य पाठ करेंगे।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहित्य प्रोत्साहन समिति की तरफ से आयोजित काव्य उत्सव में 104 रचनाकार एक मंच से काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम संयोजक राज कौशिक ने ये जानकारी देते हुए बताया कि ये काव्य उत्सव 22 जनवरी को दोपहर 2:30 बजे से लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में होगा। उन्होंने बताया कि शिक्षाविद एवं भाजपा नेता पृथ्वी सिंह कसाना के जन्म दिवस पर 2016 से प्रत्येक वर्ष कवि सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इस बार केवल सात आठ कवियों का कवि सम्मेलन ना करा कर गाजियाबाद और आसपास के क्षेत्रों के 100 से ज्यादा रचनाकारो के साथ काव्य उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है।

लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन के मंच पर इस तरह का ये पहला आयोजन है जिसमें एक ही कार्यक्रम में 104 रचनाकार काव्य पाठ करेंगे। वरिष्ठ गीतकार डॉ रमा सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी जबकि विश्व प्रसिद्ध शायर विजेंद्र सिंह परवाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध कवयित्री अंजू जैन, कवि व स्तम्भकार रवि अरोड़ा और कवि डॉ चेतन डॉक्टर चेतन आनंद शिरकत करेंगे।

### साझा काव्य संग्रह 'तवज्जो' का भी लोकार्पण होगा

**सभी 104 रचनाकार तीन तीन मिनट में अपनी सर्वश्रेष्ठ रचना का पाठ करेंगे।**

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम संयोजक एवं संचालक राज कौशिक ने बताया कि 90 रचनाकारों की एक-एक रचना का साझा काव्य संग्रह 'तवज्जो' नाम से प्रकाशित किया गया है। इसका लोकार्पण भी काव्य उत्सव के दौरान किया जाएगा। सभी 104 रचनाकार तीन तीन मिनट में अपनी सर्वश्रेष्ठ रचना का पाठ करेंगे।




## चले गए एक और एसीपी साहब

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में वर्ष 2025 में भी आने और जाने का सिलसिला शुरू है। पुराने साले के अंतिम महीने में कई लोग आए तो कुछ फेस बाहर भी भेजे गए थे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से एक और एसीपी जल्द जा रहे हैं, ऐसी सूचना मिली है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि एक अंडर ट्रेनिंग एसीपी की ट्रेनिंग पूरी हो गई है। इसलिए उनका बीते दिनों थाने वाला टाइम पूरा होने के बाद वहां नए प्रभारी भी भेज दिए गए हैं। पुलिस के सूत्रों ने बताया है कि अब वह जल्द ही प्रयागराज में आयोजित हो रहे हैं, महाकुंभ-2025 में अपनी सेवाएं देने के लिए 15 दिन की ड्यूटी पर जाएंगे। बता दें कि बीते दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कहा गया था कि 2022 और 2023 बैच के अंडर ट्रेनी अधिकारियों को महाकुंभ में क्राउड मैनेजमेंट ड्यूटी पर लगाया जाए ताकि यह अधिकारी भविष्य की ट्रेनिंग ले सकें। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस ड्यूटी के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक एसीपी स्तर के अधिकारी को भी भेजा जा रहा है। बताया जा रहा है कि उनका गाजियाबाद में ट्रेनिंग वाला कार्यकाल पूरा हो गया है, वह प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ से ट्रेनिंग कर फिर पुलिस एकेडमी चले जाएंगे और फिर इसके बाद उनको फीव्ड वाली तैनाती मिलेगी। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में वर्तमान में एक एसीपी ऐसे हैं, जो सीधे ट्रेनिंग के बाद गाजियाबाद में ही स्थान पा गए थे। तो अन्य को यह वाला सुख नहीं मिल पाया था। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन एसीपी के जाने के बाद कमिश्नरेट के समीकरण पर कोई असर तो नहीं पड़ेगा लेकिन इनकी यहां ट्रेनिंग पूरी हो गई है। बता दें की वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डेढ़ दर्जन के आसपास एसीपी स्तर के अधिकारी हैं। जो अलग-अलग दायित्व को संभाल रहे हैं। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में आईपीएस अधिकारियों की संख्या भी आधा दर्जन के करीब हो चुकी है। कुल मिलाकर सूत्रों ने बताया है कि इस बार ऐसी कम ही संभावना है कि यहां से जाने वाले अंडर ट्रेनी एसीपी वापिस लौटकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में लौटेंगे। देखना होगा जाने के लिए रेडी बैठे एसीपी का अब पुलिस कमिश्नरेट में क्या होगा।



## रिटायर्ड डिप्टी एसपी बताकर ठगने वाला गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी अपने को रिटायर्ड डिप्टी एसपी बताकर दिल्ली एनसीआर की डूब में क्षेत्र की जमीन बेचता था। पुलिस ने इसके दो अन्य साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के पद से बर्खास्त किया जा चुका है। इस मामले में अभी और गिरफ्तारी होंगी। जिसके लिए टीम गठित की जा चुकी है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी की पहचान शंभू नाथ मिश्र उर्फ छोटू मिश्र निवासी गढ़ी चौखंडी हुई है। 1986 में ये बतौर दिल्ली पुलिस में कॉन्स्टेबल भर्ती हुआ था। ये शुरूआत से ही शातिर किस्म का रहा है। जांच में सामने आया था कि इसके द्वारा लगाए गए शैक्षणिक दस्तावेज फर्जी थे। ऐसे में मुखर्जी नगर दिल्ली में इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद 2004 में इसे दिल्ली पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। इसके बाद ये दिल्ली एनसीआर में डूब क्षेत्र की जमीन बेचने लगा।


### रिटायर्ड डिप्टी एसपी बताकर करता था ठगी

ये अपने आप को रिटायर्ड डिप्टी एसपी बताकर नोएडा व एनसीआर की डूब क्षेत्र की जमीन जो नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिगृहीत की गयी। उस जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने साथियों साथ जमीन का अन्य जनपदों से जीपीए कराकर बेच देता था। अपना नाम सामने नहीं लाता था। अपने साथियों को ही जमीन का मालिक बताकर आमजन से एक मोटी रकम वसूल कर आर्थिक लाभ कमाता था।

### फर्जी दस्तावेज में बनाने में माहिर

कभी भी जब कोई बात आती है तो मामले को जमीन एवं सिविल प्रवृत्ति का बताकर कोर्ट के माध्यम से अपने आप को बचा लेता है। आरोपी द्वारा प्लाट के विक्रेता के स्थान पर दूसरी महिला को खड़ा करके एवं रजिस्ट्री पेपर पर फोटो लगाकर के और गवाह के तौर पर फर्जी व क्रेता का फर्जी हस्ताक्षर करके आपराधिक षडयंत्र करके फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधडी करता था।

## दो पक्षों में हुआ झगड़ा, दर्जी की दुकान पर शुरू हुआ विवाद घर तक पहुंचा



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र के बिसहाड़ा गांव में पैंट सिलाई को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मामले में दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, सुमित नाम का व्यक्ति अपनी पैंट सिलवाने दर्जी की दुकान पर गया था।

इसी दौरान वहां हिमांशु नाम का व्यक्ति आया और किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच मारपीट हो गई, जिसके बाद हिमांशु वहां से भाग गया। घटना से गुस्साए सुमित ने अपने परिचितों को बुलाया और हिमांशु के घर पहुंच गया। वहां दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। एक पक्ष ने इकट्ठा होकर दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया, जिससे दोनों तरफ से एक-एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना की जांच के लिए पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया है।

# अफ्रीकी देश नाइजीरिया में टैंकर धमाका

## मृतकों की संख्या बढ़कर 86 तक पहुंची



**उत्तरी नाइजीरिया के नाइजर राज्य में बीते शनिवार को एक पेट्रोल टैंकर ट्रक पलटने से और उससे फैसे पेट्रोल की चलते विस्फोट होने से अब मरने वालों की संख्या बढ़कर 86 हो गई है। वहीं अन्य 55 लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है**

**अबुजा** ।गौरतलब है कि यहां के जिगावा राज्य में पिछले साल अक्तूबर में इसी तरह की दुर्घटना हुई थी, जिसमें 147 लोग मारे गए थे।

### अधिकारी ने दी जानकारी

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अधिकारी ने कहा कि विस्फोट में 55 से अधिक लोग घायल हुए हैं और उनका इलाज सुलेजा क्षेत्र के तीन अस्पतालों में चल रहा है। कुछ लोग तो जलकर पूरी तरह से राख हो गए, जिसके कारण मरने वालों की संख्या 86 से अधिक हो सकती है, लेकिन इसकी सटीक जानकारी फोरेंसिक जांच के बाद ही मिल सकेगी।

वहीं बात इस विस्फोट में मारे गए इतने लोगों की मौत के कारण की करें तो, बताया जा रहा है कि घटना के स्थल पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे। इनमें कुछ लोग तस्वीरें लेने आए थे, कुछ आसपास के लोग थे और कुछ लोग टैंकर से गैसोलीन निकालने की कोशिश कर रहे थे।

गौरतलब है कि इस घटना से पहले, नाइजीरिया में पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि हुई थी, क्योंकि राष्ट्रपति बोला टीनूबू के प्रशासन ने एक साल पहले पेट्रोल पर दी जा रही सरकारी सब्सिडी को हटा दिया था। इसका उद्देश्य था कि पेट्रोल की बची हुई राशि को विकास कार्यों में लगाया जाए, लेकिन इस नीति के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

नाइजीरिया में गैसोलीन टैंकरों से पेट्रोल निकालना एक आम घटना है, क्योंकि कुछ लोग इसे मुफ्त का सामान समझकर या तो खुद इस्तेमाल करने के लिए निकालते हैं।

# अमेरिका में शीतकालीन तूफान की चेतावनी, भारी बर्फबारी से बढ़ेगी ठंड

**बोस्टन** । अमेरिका में ठंड का प्रकोप अभी और बढ़ेगा। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने शीतकालीन तूफान की चेतावनी जारी की है, जिसके चलते पूर्वी तट के लाखों लोगों को कई इंच बर्फबारी



का सामना करना पड़ेगा, और उत्तरी क्षेत्रों से लेकर मेन सिरे तक देश के अधिकांश हिस्सों में ठंड का प्रकोप बढ़ेगा। राष्ट्रीय मौसम सेवा की चेतावनी के अनुसार, मध्य अटलांटिक के कुछ हिस्सों में 15 सेंटीमीटर तक बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा, न्यू इंग्लैंड में भी बर्फबारी होगी। यहां मैसाचुसेट्स, न्यू हैम्पशायर, मेन और कनेक्टिकल के कुछ हिस्सों में 10 इंच (25 सेंटीमीटर) तक बर्फ गिर सकती है।

# अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मदद घटने से 5.56 लाख कम हो गए लाभार्थी, खतरे में आधी आबादी, पढ़ाई पर भी संकट

**वॉशिंगटन** । अफगानिस्तान को इन दिनों आर्थिक संकट जैसे कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच रविवार को नॉर्वेजियन रिफ्यूजी काउंसिल के प्रमुख जान एगलैंड ने अफगानिस्तान में एजेंसियों के द्वारा वित्तीय कटौती पर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान को मिलने वाली वित्तीय सहायता में कटौती अफगानी महिलाओं के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और लड़कियों को मदद देने वाली गैर-सरकारी संस्थाओं और मानवीय सहायता की घटती वित्तीय सहायता से यह स्थिति और बिगड़ रही है।

बता दें कि एनआरसी ने 2022 में लगभग 7.7 लाख अफगानों की मदद की, लेकिन 2023 में यह संख्या घटकर करीब 4.9 लाख रह गई। साथ ही साल 2024 की बात करें तो एजेंसी ने केवल 2,16 लाख लोगों की मदद की, इस लाभार्थियों में से आधी महिलाए हैं। इसको लेकर एगलैंड ने



कहा कि पिछले दो वर्षों में कई सहायता एजेंसियों ने अपने कार्यक्रमों और कर्मचारियों में कटौती की है। उनका कहना है कि महिलाओं की मदद के लिए सबसे बड़ा खतरा फंडिंग में कटौती और शिक्षा की कमी है।

### तालिबान के शासन के बाद स्तिथि बदहाल

2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान में बहुत से लोग गरीबी और भूखमरी का सामना कर रहे हैं, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय सहायता अचानक बंद हो गई थी। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से, अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय मदद और बैंक ट्रांसफर पर रोक लगी हुई है, जिससे वहां की अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान हुआ है। साथ ही मामले में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने अफगानिस्तान के संकट के बीच वहां की मदद जारी रखने की अपील की है। जहां एनआरसी जैसी संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, और टीकाकरण जैसे कार्यक्रमों के जरिए लोगों तक मदद पहुंचा रहे हैं।

# कोलंबिया में शांति वार्ता पर बातचीत नाकाम होने से भड़की हिंसा

## 80 से ज्यादा लोगों की मौत



हिंसा भड़क गई। इस हिंसा की चपेट में कई आम नागरिक भी आ गए हैं।

**कोलंबिया।** कोलंबिया में बागी गुट के साथ शांति वार्ता नाकाम होने के बाद हिंसा का दौर जारी है। इस हिंसा में अब तक 80 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और दो दर्जन के करीब लोग घायल हुए हैं। हिंसा के चलते हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हिंसा कोलंबिया के कैटाटुम्बो क्षेत्र में हो रही है। हिंसा को देखते हुए कोलंबिया सरकार ने इस क्षेत्र में पांच हजार सुरक्षाबलों को तैनात किया है।

कैटाटुम्बो क्षेत्र कोकीन बनाने और तस्करी के लिए बदनाम है। इस इलाके में प्रभाव रखने वाले दो सशस्त्र संगठन नेशनल लिबरेशन आर्मी और कोलंबिया मार्क्ससिस्ट रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस (ऋ्रअफ्र) गुट के बीच यह हिंसा हो रही है। इन दोनों गुटों के बीच शांति की कोशिश की जा रही थी, लेकिन उसके नाकाम होने के बाद हिंसा के चलते स्थानीय लोग पलायन कर गए हैं और कई पड़ोसी राज्यों में रह रहे हैं तो कुछ लोग कोलंबिया की सीमा पार कर वेनेजुएला पहुंच गए हैं। कैटाटुम्बो क्षेत्र की सीमाएं वेनेजुएला से लगती हैं। शरणार्थियों के लिए नजदीकी शहरों में आश्रय स्थल बनाए गए हैं।

रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस एक समय कोलंबिया के सबसे बड़े गुरिल्ला संगठनों में से एक था। साल 2016 में एफएआरसी, ईएलएन और ड्रग तस्करों के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते को लेकर कुछ विवाद होने के चलते हिंसा भड़की। दरअसल यह पूरा विवाद नशे के कारोबार पर प्रभुत्व से जुड़ा हुआ है। हालांकि इस हिंसा की कीमत आम लोगों को चुकानी पड़ रही है।

# चीनी अधिकारियों ने 35 लोगों को कार से कुचलने के आरोपी को दी फांसी, कोर्ट ने सुनाई थी मौत की सजा



**बीजिंग** । चीनी अधिकारियों ने 62 वर्षीय व्यक्ति को फांसी दे दी। पिछले साल एक स्टेडियम के बाहर व्यायाम कर रहे लोगों पर व्यक्ति ने अपनी कार चढ़ा दी थी, जिसमें 35 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 40 लोग घायल हुए थे। आरोपी फैन वेइकेउ तलाक के बाद संपत्ति बंटवारे से खुश नहीं था। कोर्ट द्वारा मौत की सजा सुनाने के एक महीने से भी कम समय में उसे फांसी दे दी गई। चीनी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में बताया गया कि झुहाई इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट ने कानून के अनुसार खतरनाक तरीकों से सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने के अपराध के लिए फैन पर सार्वजनिक मुकदमा चलाया

अदालत ने उसके मकसद को घृणित और उसके तरीके को क्रूर बताया। चीन में पिछले कुछ समय से सार्वजनिक हिंसा की घटनाओं में वृद्धि हुई है। सुरक्षा अधिकारी इन घटनाओं के लिए असंतुष्ट तत्वों को दोषी ठहराते हैं। पिछले साल जुलाई में मध्य चीन के हुनान प्रांत की राजधानी चांग्शा में एक वाहन ने पैदल चलने वाले लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच घायल भी हुए।

इससे पहले पिछले साल सितंबर में चीन के पूर्वी प्रांत में एक बस ने छात्रों के एक समूह को कुचल दिया। हादसे में 11 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 13 घायल हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, छात्र और अभिभावक सुबह 7 बजे के बाद ताइआन शहर के एक स्कूल के गेट पर इंतजार कर रहे थे, तभी बस ने उन्हें कुचल दिया।

# पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त

## अमेरिकी राजदूत ने साझा कीं भारत के कार्यकाल की खूबसूरत यादें

**नई दिल्ली** । भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी ने सोमवार को विदाई संदेश जारी किया। अपने संदेश में उन्होंने भारत में अपने कार्यकाल और भारत-अमेरिका के मजबूत संबंधों के बारे में बताया। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि हमारा रिश्ता वास्तव में सदियों से चली आ रही प्रेम की एक चिरस्थायी कहानी है। हम बस अभी शुरूआत ही कर



रहे हैं। पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त। साथ ही उन्होंने एक्स पर लिखा कि मेरे प्यारे भारतः आप सिर्फ अविश्वसनीय ही नहीं हैं, आप अविस्मरणीय हैं। प्यार से, एरिक।

भारत में 26वें अमेरिकी राजदूत के तौर पर विदाई लेते हुए एरिक गासेर्टी ने अपने पूरे कार्यकाल और भारत की मेहमानवाजी की तारीफ की। गासेर्टी ने वीडियो संदेश में कहा कि यह ऐसा देश है, जहां मैं पहली बार एक बच्चे के रूप और फिर एक छात्र के रूप में आया था। भारत के लोगों ने मेरा गर्मजोशी से आतिथ्य किया।

गासेर्टी ने कहा कि जब से मैं 26वें अमेरिकी राजदूत के रूप में सेवा करने के लिए नई दिल्ली आया हूं, तब से भारत मुझे घर जैसा लगा है। आपके लोगों की दोस्ती और जिंदाबादी मुझे हर दिन छूती है। मैंने भारत के 28 राज्यों का दौरा किया और देश की संस्कृति और विरासत को करीब से अनुभव किया। मैंने बनारस के घाटों को पार किया, मेघालय के जीवित जड़ों के पुल को पार किया। केरल के बैकवाटर से नौकायन किया। मोदी स्टेडियम में भारत का उत्साहवर्धन और मुंबई में लड़कियों के साथ हूप खेला है। मैंने हैदराबाद के प्राचीन राजघराने और आधुनिक नई तकनीक को देखा। कोलकाता की संस्कृति और चेन्नई के प्राचीन मंदिरों का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि अब हमने बंगलूरू में नए अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की शुरूआत की है।

गासेर्टी ने कहा कि हमने व्यापार को बढ़ते देखा। साथ ही हमारे लोगों को एक साथ जश्न मनाते देखा है। गासेर्टी ने अमेरिका और भारत के मजबूत संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने भविष्य को देखता है।

# चिन्मय दास की जमानत याचिका पर आज हो सकती है सुनवाई, करीब दो माह से जेल में बंद हैं हिंदू संत

**ढाका** । बांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका पर आज सुनवाई हो सकती है। चिन्मय कृष्ण दास ने बांग्लादेश के उच्च न्यायालय में जमानत याचिका दायर की हुई है। चिन्मय दास पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान और राजद्रोह का मामला दर्ज है। चिन्मय कृष्ण दास बीते करीब दो महीने से जेल में बंद हैं।

### निचली अदालत से खारिज हो चुकी है याचिका

बांग्लादेश के चटगांव की निचली अदालत ने बीती 2 जनवरी को चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद चिन्मय कृष्ण दास के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने उच्च न्यायालय का रुख



किया। चिन्मय दास के वकील सोमवार को उसे अदालत में पेश करेंगे। चिन्मय कृष्ण दास को बीते साल 25 नवंबर को ढाका एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था।

### वकील ने राजद्रोह के आरोपों को किया खारिज

चटगांव की निचली अदालत में चिन्मय कृष्ण दास के वकीलों ने बताया कि हिंदू संत अपनी मां की तरह मातृभूमि का भी सम्मान करते हैं और वे गद्दार नहीं हैं।

# चार साल बाद, अधिक अनुभव व नई टीम के साथ व्हाइट हाउस लौट रहे ट्रंप, पार्टी दोनों सदनों में मजबूत

**न्यूयॉर्क** । जब डोनाल्ड ट्रंप 2017 में शपथ ग्रहण से ठीक पहले वॉशिंगटन आए थे तो वहां के लोगों के लिए वह अनजान-अजनबी थे। वह पहले ऐसे राष्ट्रपति थे जिनके पास राजनीति या सेना का कोई अनुभव नहीं था, इसलिए यह साफ नहीं था कि वह कैसे शासन करेंगे। अब, चार साल के अंतराल के बाद वह ज्यादा अनुभव और एक नई व मजबूत टीम के साथ लौट रहे हैं।

इन चार सालों में राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है, कांग्रेस के दोनों सदन अब रिपब्लिकन से भरे हुए हैं जो उनके एहसानमंद हैं। दुनिया के जो नेता कभी उनके आलोचक थे, वे वैश्विक मंच को अलविदा कह चुके हैं या उनके साथ काम करने के लिए अधिक इच्छुक हैं। जर्मनी की एंजेला मर्केल ने 2021 में पद छोड़ दिया,



कनाडा के जस्टिन त्रूदो कार्यकाल के अंत के करीब हैं और ब्रिटेन, फ्रांस और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में नेतृत्व बदल चुका है। इस बीच, ट्रंप को ऐसे नेताओं का समर्थन मिल रहा है जो उनके विचारों से सहमति रखते हैं, जैसे इटली की जॉर्जिया मेलनी, अर्जेंटीना के जेवियर मिली और हंगरी के विक्टर ओरबान।

ट्रंप 2017 में इस बात पर गर्व करते थे कि उनके पास कोई राजनीतिक अनुभव नहीं है। उनके मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने चुपचाप या खुले तौर पर उनके विचारों को रोकने का काम किया। धीरे-धीरे उन्होंने कानून पास कराने, विश्व नेताओं से निपटने और राष्ट्रपति पद की शक्ति का सही इस्तेमाल करना सीख लिया। अब उनके पास बहुत अनुभव है। ट्रंप ने हाल ही में अपने फ्लोरिडा स्थित मार-ए-लागो आवास पर कहा, अब हम और बेहतर काम करेंगे क्योंकि हमारे पास अनुभव है।

### कई रिपब्लिकन सांसदों की है ट्रंप पर निर्भरता

रिपब्लिकन प्राइमरी में ट्रंप के आक्रामक खेल ने सदस्यों की एक नई पीढ़ी तैयार की है जो उनकी बात सुनते हैं। अब, कई रिपब्लिकन सांसद ट्रंप पर निर्भर हैं।

# भारतीय अमेरिकी सांसद ने बताया यूएस में हिंदुओं का प्रभाव

## कहा- नई संसद में ऐसे चार सांसद होना बड़ी उपलब्धि



**वॉशिंगटन** । अमेरिकी संसद और राजनीति में बढ़ते भारतीयों और हिंदुओं के प्रभाव की भारतीय अमेरिकी सांसद ने सराहना की है। सांसद श्री थानेदार ने कहा कि नई अमेरिकी संसद में चार हिंदुओं का शामिल होना बड़ी उपलब्धि है। अमेरिका की राजनीति में छोटे धार्मिक समुदाय का शामिल होना मील का पत्थर है।

रविवार को प्रेसिडेंशियल इनॉगरेशन हिंदू गाला कार्यक्रम में भारतीय अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने कहा कि यह दशार्ता है कि अमेरिका में हिंदू आ गए हैं। हिंदू समुदाय सूचना प्रौद्योगिकी, उच्च प्रौद्योगिकी, व्यवसाय और शिक्षा के मामले में शीर्ष पर हैं। लेकिन राजनीति में हिंदुओं ने उतनी भागीदारी नहीं की है। मगर अब हिंदू एकजुट हो रहे हैं। वे राजनीति में सक्रिय हो रहे हैं। वे न केवल निर्वाचित कार्यालय तक पहुंच रहे हैं बल्कि वे मुख्यधारा की राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

भारतीय अमेरिकी हिंदू गठबंधन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री थानेदार ने कहा कि अमेरिकी राजनीति और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी अल्पसंख्यकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। अमेरिका की ताकत हमारी विविधता और हमारी एकता है।

कार्यक्रम में अमेरिकी हिंदू गठबंधन के महासचिव आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि यह समारोह संयुक्त राज्य अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया है। यह समारोह देश में बढ़ते हिंदू प्रभाव को दिखाता है। ट्रंप के लिए प्रचार करने वाली अमेरिकी हिंदू गठबंधन की शोबाशालिनी चोकालिंगम ने कहा कि 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप का स्वागत करने के लिए लातीनी समुदाय के साथ देशभर के हिंदू एकत्र हुए हैं। सामुदायिक कार्यकर्ता नरसिम्हा कोप्पुला ने कहा कि यह हिंदुओं के लिए ऐतिहासिक है कि उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण की स्मृति में अपना अलग समारोह आयोजित किया है।

### इस बार अमेरिकी संसद में चार हिंदू सांसद

नवंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव के बाद अमेरिकी संसद में चार हिंदू सांसद पहुंचे हैं। इसमें डेमोक्रेट थानेदार हैं।

# 471 दिन बाद हमास के कब्जे से आजाद इस्राइली परिजनों से भावुक मुलाकात

**यरुशलम** । इस्राइल-हमास के बीच रविवार को तीन घंटे देरी से युद्ध विराम समझौता शुरू हुआ। इस दौरान हमास ने 471 दिनों के बाद तीन महिला बंधक रोमी गोनेन, एमिली दामरी और डोरोन स्टीनब्रेचर को रिहा कर दिया। तीनों महिलाएं अपने घर पर पहुंच गई, जिसकी तस्वीर इस्राइल सुरक्षा बल (आईडीएफ) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की।

### घर वालों के छलके आंसू

हमास की ओर से 471 दिनों तक बंधक बनाए रखी गईं तीन महिलाएं जब छूटकर अपने घर पहुंचीं तो घरवालों के आंसू छलक पड़े। रिहा होने वालीं तीन इस्राइली महिलाओं में एक बेटी भी है, जिसे



नृत्य करने में सबसे ज्यादा खुशी होती है। 24 साल की रोमी गोनेन की यही खुशी 7 अक्तूबर, 2023 को गम और खौफ में बदल गई। वह इस खौफनाक दिन हमास के हमले के दौरान नोवा उत्सव से भागने के दौरान बंधक बना ली गई थीं।

इस्राइल-हमास समझौते के बाद रोमी गोनेन के साथ ही ब्रिटिश-इस्राइली दोहरी राष्ट्रीयता रखने वाली 28 वर्षीय एमिली दामारी और 31 साल की पशु चिकित्सा नर्स डोरोन स्टीनब्रेच भी रिहा हुई हैं। एमिली दामारी को हमास ने किबुत्ज केफर अजा से बंधक बनाया था। रविवार को जब उनकी रिहाई हुई, तो परिवार के एक करीबी सूत्र ने कहा कि उनके लिए 471 दिन बहुत कष्टदायक रहे, पर उससे भी अधिक उनकी रिहाई के 24 घंटे का इंतजार कष्टदायक रहा। घर पहुंचने पर एमिली को गले लगाकर उनकी मां मैंडी रो पड़ीं। उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि बेटी घर आ गई है।

**खिलखिलाती मुस्कानों वाली रोमी से गुलजार हुआ घर :** रोमी इस्राइल के उत्तर में केफर वेराडिम में अपने घर से नोवा उत्सव में शामिल होने गई थीं। उसके परिवार ने कहा कि वह वहां वह करने गई थी जो उसे पसंद था, नृत्य करना। उसने 12 साल नृत्य सीखा और कोरियोग्राफर बन गई। हमास के हमलों के दौरान सायरन बजने पर रोमी ने अपने परिवार को फोन किया था। उनकी मां ने बेटी के साथ उस आखिरी कॉल में गोलियों की आवाज के साथ ही अरबी में चिल्लाने की आवाजें सुनी थीं।

# निर्माणाधीन आईटीएमसी कंट्रोल कमांड सेंटर बिल्डिंग का नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लिया जायजा

**नगर आयुक्त ने कार्य की रफ्तार बढ़ाने के दिये टीम को निर्देश**

**5 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा है इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कंट्रोल कमांड सेंटर**



**ग्रैप के चलते निर्माण कार्य रहे बंद, अब रफ्तार दें अधिकारी : नगर आयुक्त**

**ट्रैफिक तथा निगम की संयुक्त टीम करेगी यातायात व्यवस्था की मॉनिटरिंग**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा नवयुग मार्केट में बन रहे इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कंट्रोल कमांड सेंटर बिल्डिंग का जायजा लिया गया। मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे जिनके द्वारा चल रहे कार्यों की प्रगति नगर आयुक्त को दिखाई गई।

बिल्डिंग मटेरियल की गुणवत्ता को भी देखा गया निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने टीम को रफ्तार बढ़ाने के लिए कहा तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए गए।

मौके पर नगर आयुक्त द्वारा ग्रैप के चलते बंद कार्यों को अब रफ्तार देने के लिए भी निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया। मुख्य अभियंता निर्माण द्वारा बताया गया कि इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कंट्रोल कमांड सेंटर बिल्डिंग का कार्य तेजी से चल रहा है बिल्डिंग में सर्वर रूम वर्कस्टेशन कॉन्फ्रेंस हॉल बनाए जा रहे हैं।

लगभग जून माह तक बिल्डिंग का स्ट्रक्चर पूर्ण होगा उसके बाद इंटीरियर का कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। दो स्क्रीन वॉल भी लगाई जाएगी जिसके माध्यम से ट्रैफिक विभाग तथा नगर निगम विभाग संयुक्त रूप से कमरों की गतिविधि पर नजर रखेंगे। मॉनिटरिंग करेंगे, तथा इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत लगाए जाने वाले कैमरों को इसी कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से जोड़ा जाएगा जहां से ट्रैफिक व्यवस्था को पूर्ण रूप से कंट्रोल किया जाएगा तथा यातायात के नियमों का पालन भी कराया जाएगा, नगर आयुक्त द्वारा निर्माण अधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया।

लगभग 5 करोड़ की लागत से दो मंजिल का कंट्रोल एंड कमांड सेंटर 6 माह के भीतर तैयार किया जाएगा। जिस शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सरलता होगी। शासन की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए नगर आयुक्त निरंतर तेजी से कार्य कर रहे हैं जो कि सराहनीय हैं। इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की गतिविधियों को सफलतापूर्वक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में मॉनिटरिंग किया जाएगा जो कि सराहनीय है, निरीक्षण के दौरान मौके पर डॉक्टर अनुज प्रभारी उद्यान भी उपस्थित रहे।

# हिन्दू युवा वाहिनी से सभी समाज व सभी वर्ग के लोग जुड़ रहे हैं : अनिल सिंह खेड़ा







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिन्दू युवा वाहिनी गजप्रस्थ्य ( गाजियाबाद ) द्वारा आयोजित मेरठ मण्डल व सहारनपुर मण्डल, पश्चिम उ. प्र.के कार्यकर्ता सम्मलेन में मुख्य वक्ता के नाते पूर्व क्षेत्रीय मंत्री भाजपा ने कहा जो लोग समय पर पसीना नहीं बहाते, बाद में उन्हें खून बहाना पड़ता है। समाज व धर्म के काम के लिए सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौर ने वाहिनी के सभी कार्यकर्ताओं से आगामी कार्य योजना की पूर्ति के लिए जमीनी स्तर तक गठन करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय महासचिव विनीत ने अपने विचार रखे। प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिद्ध राज सिंह ने हापुड़ जिला अध्यक्ष जिला व कई जिलों के पदाधिकारियों की घोषणा कर सभी का उत्साहवर्धन किया। धर्मवीर गुसाईं (प्रभारी उत्तराखंड व सदस्य गौ सेवा आयोग उत्तराखंड) ने अपने विचार साझा किये। हरियाणा के प्रभारी संजय खट्टर ने विचार साझा किये। विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी दिनेश भाटी का लीगल कार्य के लिए विशेष सहयोग रहा।

पश्चिम उ.प्र. के अध्यक्ष शोकेंद्र खोकर ने विचार साझा किये। पश्चिम उ.प्र. के महामंत्री विपिन राणा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका का निर्वहन किया। पश्चिम के सचिव के रमेश स्वामी व उनके साथियों का बहुत सहयोग रहा। मेरठ मंडल के अध्यक्ष सुधीर त्यागी, मण्डल महामंत्री विपिन सैनी ने व मण्डल की टीम ने शानदार कार्य किया। सहारनपुर मण्डल के अध्यक्ष प्रहलाद पाहुजा सभी जिलों के कार्यकर्ताओं के साथ सम्मिलित हुए। गाजियाबाद जिला अध्यक्ष राहुल त्यागी व पूरी टीम ने कार्यक्रम को सफल करने में पूरी शक्ति लगायी। सम्मलेन में गाजियाबाद से विभिन्न सामजिक लोग भी उपस्थिति रहे।

गौतम त्यागी, विकास शर्मा, प्रवीण चपराना, सम्राट पृथ्वी सिंह, धर्म वीर सिंह, अजय प्रताप सिंह, अजीत तोमर, रमेश कुमार आदि। तिरंगा के साथ कार्यकर्ता सम्मलेन में आये सभी जिला अध्यक्ष व टीम, महानगर अध्यक्ष व उनकी टीम, मण्डल की टीम, पश्चिम क्षेत्र की टीम, प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारी साधुवाद के पात्र हैं।

# ट्रैफिक सिग्नलों के मेंटेनेंस पर निरंतर मॉनिटरिंग बनाए रखें अधिकारी : विक्रमादित्य सिंह मलिक

**हिंडन एयरफोर्स ट्रैफिक सिग्नल को निगम ने कराया चालू, आवागमन हुआ सरल तथा यात्रियों को हुई सुविधा**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम शहर के विकास कार्यों को करने के साथ-साथ शहर की सुविधाओं को भी ध्यान में रखते हुए बेहतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में देखने में आया है गाजियाबाद नगर निगम द्वारा ट्रैफिक सिगनलों की व्यवस्थाओं को भी निरंतर मॉनिटरिंग किया जा रहा है, जिसमें जागरूक शहरवासी भी निगम का सहयोग कर रहे हैं।

हिंडन एयर फोर्स स्टेशन के बाहर ट्रैफिक सिग्नल को व्यवस्थित करने हेतु हिंडन एयर फोर्स अधिकारियों के द्वारा निगम को अवगत कराया गया जिस पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए ट्रैफिक सिग्नल को चालू कराया गया तथा मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों को मॉनिटरिंग के लिए भी भेजा गया। ट्रैफिक सिग्नल चालू होने के बाद आवागमन सरल हुआ है तथा यात्रियों को भी सुविधा मिली है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में लगभग 50 से अधिक ट्रैफिक सिग्नल मेंटेन किया जा रहे हैं जिस पर निरंतर नजर बनाए रखने के लिए टीम को मोटिवेट किया गया।

अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगभग 50 से अधिक ट्रैफिक सिग्नल मेंटेन की जा रहे हैं जिसकी मरम्मत का कार्य निरंतर जारी रहता है। हिंडन एयर फोर्स मुख्य मार्ग है जहां से दिल्ली को जाने तथा दिल्ली से आने वाले यात्री यात्रा करते हैं जिसका संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार चालू कराया गया है।

हिंडन एयरफोर्स स्टेशन ट्रैफिक सिग्नल चालू होने से यात्रियों के लिए सुविधाजनक है।

# शराब पीने वालों पर कार्रवाई तीन जोन में चला विशेष अभियान





## 483 शराबियों का किया चालान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में दो घंटे चले विशेष अभियान में कुल 483 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सभी के खिलाफ पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत कार्रवाई की गई।

स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई। शिकायत थी कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान करते हैं। इस पर पुलिस ने शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में शराब के ठेकों के आसपास और सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। नगर जोन में सबसे ज्यादा 268 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें विजयनगर से 62, नंदग्राम से 59, मधुबन बापूधाम से 59, सिहानी गेट से 34, घंटाघर से 32 और कवि नगर से 22 लोग शामिल हैं। देहात जोन में 117 लोगों को पकड़ा गया, जिनमें क्रॉसिंग रिपब्लिक से 27, मुरादनगर से 21 और मसूरी से 14 लोग प्रमुख हैं। ट्रांस हिंडन क्षेत्र में 98 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें इंदिरापुरम से 25, साहिबाबाद से 22, टीला मोड़ से 21 लोग शामिल हैं। सभी पकड़े गए लोगों को थाने लाया गया और मेडिकल जांच के बाद चालान किया गया।

# अनमोल ड्रीम वैली में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**सौरभ यादव व पंडित अशोक भारतीय ने कथावाचक का किया अभिवादन**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश महामंत्री राष्ट्रीय व्यापार मंडल सौरभ यादव व पश्चिम उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल पंडित अशोक भारतीय ने श्री प्रेम धाम आश्रम बरसाना से पधारे कथावाचक कृष्ण निर्देशानंद महाराज का किया स्वागत।

श्री प्रेम धाम बरसाना सेवा समिति के सौजन्य से गौतम बुध नगर में स्थित अनमोल ड्रीम वैली में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसमें आश्रम श्री प्रेमधाम बरसाना, गोवर्धन रोड, मथुरा से पधारे कथावाचक कृष्ण निर्देशानंद महाराज ने कथा का वाचन किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राष्ट्रीय व्यापार मंडल सौरभ यादव व पश्चिम उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल पंडित अशोक भारतीय ने उनका माला व पटका पहनाकर अभिवादन किया।

इस दौरान मुख्य रूप से रमेश जायसवाल, जगपाल यादव, अभिषेक, गौतम गोविंदा, भृगुनाथ ओझा आदि उपस्थित रहे और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं व स्थानीय निवासियों ने श्रीमद्भागवत कथा सुनी।

# पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने किया आई कैंप का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर एक स्थित नील पदम कुंज सोसाइटी में सेराफ आई सेंटर द्वारा कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा इस आयोजन का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि आज के इस आधुनिक दौर में हर आदमी टीवी कंप्यूटर मोबाइल फोन का इस्तेमाल बहुत ज्यादा करता है। जिसकी वजह से आंखों की बीमारियां बढ़ रही है, यहां तक की माताएं अपने बच्चों को चुप करने के लिए मोबाइल फोन उनके हाथ में दे देती है। ऑस्ट्रेलिया में तो 5 साल से कम बच्चे को मोबाइल के इस्तेमाल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिसके कारण छोटे बच्चे मानसिक रूप से और अपनी आंखों से भी बीमार हो रहे हैं। इस अवसर पर डॉक्टर आकांक्षा, डॉक्टर रोहित, हैरिसन पंकज शर्मा और उसका स्टाफ उपस्थित रहे। इस कैंप का आयोजन नील पदम कुंज सोसायटी के अध्यक्ष अंशुल काचूरू और उनके सहयोगी दीपक गौड संजय दादरू विवेक चतुर्वेदी शशांक राजकुमार अग्रवाल रेखा गुप्ता निशांत मेहरान सहित बड़ी संख्या में लोगों ने इस कैंप का लाभ लिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मासूम की मौत

## पति-पत्नी और 5 माह का बेटा घायल शादी समारोह से लौट रहा था परिवार



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में एक सड़क हादसे ने एक परिवार को झकझोर कर रख दिया। दिल्ली में शादी समारोह से लौट रहे परिवार की बाइक को नेशनल हाईवे-9 पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें 6 वर्षीय मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार को पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 9 स्थित फ्लाई ओवर पर हुई। शाब्दीपुर निवासी शिवकुमार अपनी पत्नी रजनी, बेटी परी और 5 माह के बेटे मानव के साथ दिल्ली से लौट रहे थे। फ्लाई ओवर पर पहुंचते ही पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पूरा परिवार सड़क पर गिर गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 6 साल की परी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पिलखुवा के सीओ अनीता चौहान के अनुसार, मृतक बच्ची के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आरोपी की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही फरार वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में मेडिकल कोडिंग कार्यशाला का भव्य उद्घाटन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटीए गाजियाबाद के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज ने जीनस हेल्थकेयर सॉल्यूशन एंड आईटी कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से 20 से 27 जनवरी 2025 तक चलने वाली एक सप्ताह की मेडिकल कोडिंग कार्यशाला का भव्य उद्घाटन किया। कार्यशाला का शुभारंभ डायरेक्टर (स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज) डॉ. शालिनी शर्मा के स्वागत भाषण से हुआ। इस आयोजन में एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार, प्रो.वाइस चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन, जीनस हेल्थकेयर सॉल्यूशन के प्रबंध निदेशक विकास महेश्वरी और सुंदर दीप फार्मेसी कॉलेज के निदेशक डॉ. आर.डी. गुप्ता सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यशाला में चांसलर महेंद्र अग्रवाल ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के करियर निर्माण में मील का पत्थर साबित होते हैं। प्रो.वाइस चांसलर (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने भी छात्रों एक सुनहरा अवसर बताया। जीनस हेल्थकेयर सॉल्यूशन प्रा. लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विकास महेश्वरी और अमरजीत कुमार ने मेडिकल बिलिंग, कोडिंग और फार्मेसी में उभरते रोजगार अवसरों पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्रों का संचालन जीनस हेल्थकेयर की प्रशिक्षक पलक गोयल, हिमानी सिंघल और सोमेश भट्ट ने किया। संचालन स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज की सहायक प्रोफेसर गौरी गोयल ने किया, धन्यवाद प्रस्ताव प्रोफेसर डॉ. जसप्रीत कौर ने दिया। इस आयोजन की समन्वयक प्रोफेसर डॉ. बबीता अग्रवाल थीं।

# अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सिमरन शर्मा का हुआ भव्य स्वागत



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हुई सिमरन शर्मा का सोमवार को पालिका सभागार में भव्य स्वागत किया गया। पेरिस पैरालंपिक में कांस्य पदक जीतकर देश का सिर गर्व से ऊंचा करने पर हाल ही में महामहीम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित हुई मोदीनगर निवासी सिमरन शर्मा को पालिका सभागार में विधायक डॉ0 मंजू शिवाच व पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली उर्फ जाटव ने प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान पालिका के अनेक सभाग व स्टॉफ भी मौजूद रहा।

कार्यक्रम में सिमरन के पति गजेंद्र व मधुर गोपाल को जूनियर यूपी स्टेट वेट लिफ्टिंग में चैंपियंस ऑफ चैंपियन बनने पर उनका भी सम्मान किया गया।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता का एक अंदाज सनातन संस्कृति संस्कार वाला भी है। मिजार्पुर में उन्होंने विंध्यवासिनी धाम में पूजा अर्चना की। संजीव गुप्ता ने सनातन धर्म संस्कृति का संदेश दिया और ये पोस्ट फेसबुक पर साझा की। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।